दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 295
कोटद्वार शनिवार
4 मार्च 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## होली को लेकर पुलिस-प्रशासन पुख्ता इंतजाम करें: सीएम

### प्रदेश की सीमा से लगे जनपदों में विशेष सतर्कता बरती जाए

**विशेष संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गृह विभाग तथा पुलिस विभाग को प्रदेश में होली पर्व के दृष्टिगत कानून व्यवस्था पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि होली को लेकर पुलिस विभाग पुख्ता इंतजाम करें। प्रदेश की सीमा से लगे जनपदों में विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होने पुलिस महानिदेशक को सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों से इस सम्बन्ध में तैयारियों की समीक्षा के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि पुलिस अधिकारी सुनिश्चित करें कि प्रदेश में होली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की कोई



अव्यवस्था या अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने गृह विभाग तथा पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ होली की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा की। पुलिस विभाग होली पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए अपनी तैयारियां समय से पूरी कर लें। पुलिस अधिकारी व्यवस्था पर निरन्तर निगरानी बनाएं रखे। आसामाजिक तत्वों व संदिग्ध लोगों पर विशेष निगरानी रखी जाय। पुलिस तंत्र फील्ड पर सतर्क एवं सक्रिय रहें। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि उल्लास और उमंग का यह पर्व देवभूमि उत्तराखण्ड में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए, यह परम्परा आगे भी बनाए रखनी है।

बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक कुमार उपस्थित थे।

## कड़ी सुरक्षा के बीच राम रहीम, हनीप्रीत भी गई साथ, अब फिर से जेल में करवटें बदलेगा

**बागपत, एजेंसी।** बागपत में बरनावा के डेरा सच्चा सौदा आश्रम में गुरमीत सिंह राम रहीम की 40 दिन की पैरोल पूरी हो गई है। शुक्रवार को उसे बरनावा आश्रम से कड़ी सुरक्षा के बीच रोहतक की सुनारिया जेल ले जाया गया।डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम दुष्कर्म व हत्या के मामले में जुनारिया जेल में उम्र कैद की सजा काट रहा है। रोहतक की सुनरिया जेल से गुरमीत राम रहीम 21 जनवरी को तीसरी बार 40 दिन की पैरोल लेकर बरनावा के आश्रम पहुंचा था। इस दौरान उसने यहां पर अपनी मुंहबोली बेटी हनीप्रीत व परिवार संग पैरोल अवधि का समय बिताया। उसके पैरोल की समय अवधि गुरुवार को पूरी हो गई। डेरा प्रमुख को सुनरिया जेल ले जाने के लिए सुबह से ही बरनावा आश्रम पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। वहीं दोपहर में उसे सुनारिया जेल ले जाने के लिए हरियाणा पुलिस व सीओ बागपत विजय चौधरी, इंस्पेक्टर सलीम अहमद बरनावा आश्रम पहुंचे। यहां से दोपहर करीब दो बजकर 50 मिनट पर पुलिस सुरक्षा के बीच उसका चार लग्जरी गाड़ियों का काफिला निकला।

## पीएम मोदी ने खोला राज, आखिर पूर्वोत्तर में क्यों जीती भाजपा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वोत्तर में भाजपा द्वारा जीत दर्ज करने पर भाजपा गद्‌गगद है। भाजपा मुख्यालय में भाजपा वर्करों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि इन राज्यों की जनता ने भरपूर आशीर्वाद दिया है, मैं त्रिपुरा मेघालय, नगालैंड के कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं। दिल्ली में या हमारे अन्य इलाकों में बीजेपी का काम करना उतना कठिन नहीं है, जितना नर्थ ईस्ट में है, इसलिए यहां के कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं, आप सभी भाजपा कार्यकर्ता की मेहनत का परिणाम है. इन चुनाव परिणाम में दुनिया के लिए कई संदेश हैं।

आज के नतीजे ये दिखाते हैं कि भारत में लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर आस्था है। कुछ लोग ये ही सोचते हैं कि आखिर बीजेपी की जीत का राज क्या है। आज मैं बताता हूं कि बीजेपी की जीत का राज क्या है. बीजेपी की जीत का राज त्रिवेणी में छिपा है। त्रिवेणी मतलब तीन धाराओं का संगम. पहला है सरकारों का काम, दूसरा है बीजेपी सरकारों की कार्य संसति, तीसरा बीजेपी कार्यकर्ताओं का सेवाभाव।

ये तीनों मिलकर बीजेपी की शक्ति को 111 गुना बढ़ाते हैं. हमने देश को नई राजनीति और नई संसति दी है।

00

## प्रदेश में आयुष्मान कार्ड की संख्या 50 लाख पार

**देहरादून।** उत्तराखंड में आयुष्मान कार्ड की संख्या 50 लाख का आंकड़ा पार कर गई है। सबसे अधिक 10.47 लाख कार्ड देहरादून में बनाए गए हैं। जल्द शत प्रतिशत कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य पूरा करने पर स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने जोर दिया।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि उत्तराखंड में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना 23 सितम्बर 2018 से लागू हुई। अटल आयुष्मान योजना का संचालन 25 दिसम्बर 2018 से शुरू हुआ। अब इस योजना में 50 लाख कार्ड बनाने का रिकर्ड बनाया जा चुका है। सभी लोगों को आयुष्मान योजना से जोड़ने को बड़े स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। ये योजना बेहद अहम है। हमारी प्रतिबद्धता है कि प्रदेश के हर व्यक्ति को स्वास्थ्य निशुल्क सुविधा मिले।

## उत्तराखंड में होली के दौरान ड्यूटी करने वाले 5000 रोडवेज कर्मचारियों को मिलेगा प्रोत्साहन भत्ता

**देहरादून।** होली पर रोडवेज बसों में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए परिवहन निगम ने अपने करीब 5000 कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन योजना जारी की है। यह योजना चार मार्च से शुरू होकर 14 मार्च तक चलेगी। इस दौरान बिना अवकाश लिए, निर्धारित लक्ष्य तक वाहन चलाने वालों को निगम 1250 से 1500 रुपये प्रोत्साहन भत्ता देगा। परिवहन निगम के महाप्रबंधक संचालन एवं तकनीकी दीपक जैन की ओर से होली पर प्रोत्साहन योजना का आदेश जारी किया गया। इसमें कहा गया कि सात व आठ मार्च को होली है। इस पर यात्रियों की भीड़ होगी। लिहाजा, चालक, परिचालक, कार्यशाला के तकनीकी कर्मियों, आउटसोर्स कर्मियों व काउंटर पर बुकिंग करने वाले लिपिकों, पास आदि बनाने वाले लिपिकों को अधिक ड्यूटी के लिए प्रोत्साहित करने



को यह योजना शुरू की गई है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह योजना अधिकारियों, उपाधिकारियों पर लागू नहीं होगी। अगर 11 दिन की अवधि में किसी नियमित चालक, परिचालक, तकनीकी कर्मचारी का साप्ताहिक अवकाश पड़ता है तो भत्ता योजना खत्म होने के बाद दिया जाएगा।

75 प्रतिशत लोडफैक्टर से अधिक आय, एक अवकाश लेकर 10 दिन ड्यूटी करने पररू मैदानी मार्गों पर कम से कम 2420 किमी, मिश्रित मार्गों पर कम से कम 2000 किमी और केवल पर्वतीय मार्गों पर कम से कम 1800 किमी चलने वालों को 1250 रुपये प्रोत्साहन राशि मिलेगी।75 प्रतिशत लोडफैक्टर से अधिक आय, एक भी अवकाश न लेकर 11 दिन ड्यूटी करने पररू मैदानी मार्गों पर कम से कम 2662 किमी, मिश्रित मार्गों पर कम से कम 2200 किमी और पर्वतीय मार्गों पर कम से कम 1980 किमी बस संचालन पर 1500 रुपये प्रोत्साहन राशि मिलेगी।कार्यशाला के तकनीकी कर्मियों, संचालन में लगे डीजल लिपिक, समयपाल, बैग इन आउट लिपिक, चेकिंग लिपिक, कैशियर, स्टोर कीपर, काउंटर इन बुकिंग वाले लिपिक, पास बनाने वाले कर्मचारी, कार्यशाला के आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए डिपो का लोड फैक्टर 75 प्रतिशत से अधिक आय होने पर 11 दिन में से 10 दिन काम करने वालों को 1000 रुपये मिलेंगे जबकि आउटसोर्स कर्मियों को 10 दिन काम करने पर 750 रुपये प्रोत्साहन भत्ता मिलेगा।

## सिसोदिया ने दाखिल की जमानत याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कथित आबकारी घोटाले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को कोर्ट में नियमित जमानत याचिका दाखिल की। सिसोदिया के वकील ने राउज एवेन्यू कोर्ट में उनकी बेल एप्लिकेशन फाइल की।



बता दें कि इससे पहले सिसोदिया ने सीबीआई द्वारा की गई गिरफ्तारी को सीधे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। लेकिन वहां मुख्य न्यायधीश द्वारा फटकार लगाते कहा था कि आपको पहले दिल्ली हाईकोर्ट जाना चाहिए। मामला दिल्ली में होने का यह मतलब नहीं की आप सीधे सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। साथ उनके मामले में हस्तक्षेप करने से साफ इनकार कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट से झटका मिलने के बाद सीबीआई की गिरफ्त में आए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने अपने पद से मंगलवार को ही इस्तीफा दे दिया था। वहीं, जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन ने भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपना इस्तीफा भेज दिया था। मुख्यमंत्री ने अपने दोनों वरिष्ठ मंत्रियों का इस्तीफा मंजूर भी कर लिया।

### महंगाई के विरोध में कांग्रेस का हल्ला बोल

## महिला कार्यकर्ताओं ने सड़क पर बैठकर बेलीं रोटियां

**देहरादून ।** पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस सिलिंडर के दाम में वृद्धि के विरोध में प्रदेश महिला कांग्रेस ने सड़क पर बैठकर चूल्हा जलाया और उसमें रोटियां सेंककर विरोध दर्ज कराया। महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और सरकार का पुतला जलाया।



शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस महिला अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं महंगाई के विरोध में कांग्रेस मुख्यालय भवन से एस्लेहल होते हुए क्वालिटी चौक तक विरोध प्रदर्शन करते हुए मार्च निकाला। इसके बाद महिलाएं वहीं सड़क पर बैठ गई और सड़क पर बैठकर रोटियां बेलने लगीं। इसके बाद सरकार के पुतले का दहन किया गया।

इस अवसर पर महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि प्रचंड बहुमत वाली भाजपा सरकार ने पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस सिलिंडर के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर आम आदमी का जीना दूभर कर दिया है। इस अवसर पर आशा मनोरमा डोबरियाल, डा. जसविंदर सिंह गोगी, उर्मिला थापा, चंद्रकला नेगी, अनुराधा तिवाड़ी, रेखा ढींगरा, सविता सोनकर, कविता माहूर, रामव्यारी, शांति रावत, शशिबाला कन्नौजिया आदि मौजूद थे।

## अभी जेल नहीं जाएंगे कांग्रेस नेता पवन खेड़ा



**दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत की अवधि शुक्रवार को 17 मार्च तक बढ़ा दी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने सुनवाई को 17 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया।

पीठ ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश और असम के जवाब रिकर्ड में नहीं हैं और अब इस याचिका पर होली की टुट्टी के बाद सुनवाई होगी। साथ ही स्पष्ट किया कि खेड़ा को दी गई अंतरिम जमानत को 17 मार्च तक बढ़ाया जाएगा जब वह इस मामले की सुनवाई करेगी। इससे पहले, 27 फरवरी को अदालत ने कांग्रेस प्रवक्ता को शुक्रवार तक के लिए सुरक्षा बढ़ा दी थी।

आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में मुंबई में 17 फरवरी को असम पुलिस ने खेड़ा को गिरफ्तार किया था। रायपुर जाने वाली उड़ान से उतारे जाने के बाद खेड़ा को दिल्ली हवाईअड्डे पर गिरफ्तार किया गया था। बाद में यहां की एक मजिस्ट्रेट अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी।

## लालच ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह बढ़ाया, अदालतें कड़ी कार्रवाई करें: सुको

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि धन के लिए अतृप्त लालच ने भ्रष्टाचार को कैंसर की तरह विकसित करने में मदद की है। संवैधानिक अदालतों का देश के लोगों के प्रति कर्तव्य है कि वे भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता दिखाएं और अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।



शीर्ष अदालत ने कहा कि धन के समान वितरण को हासिल करने का प्रयास कर भारत के लोगों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए संविधान के श्प्रस्तावना के वादेश को प्राप्त करने में भ्रष्टाचार एक प्रमुख बाधा है। जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें राज्य के पूर्व प्रिंसिपल सेक्रेटरी अमन सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में दर्ज थ्प्त को रद्द कर दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा, श्यद्यपि यह भारत के लोगों को धन के समान वितरण को प्राप्त करने के लिए प्रयास करके सामाजिक न्याय को सुरक्षित करने के लिए संविधान का प्रस्तावना वादा है, यह अभी तक एक दूर का सपना है। यदि मुख्य नहीं, तो प्रगति प्राप्त करने के लिए अधिक प्रमुख बाधाओं में से एक है। यह क्षेत्र निस्संदेह 'भ्रष्टाचार' है। पीठ ने कहा, भ्रष्टाचार एक अस्वस्थता है, जिसकी उपस्थिति जीवन के हर क्षेत्र में व्याप्त है। यह अब शासन की गतिविधियों तक सीमित नहीं है, अफसोस की बात है कि जिम्मेदार नागरिक कहते हैं कि यह किसी के जीवन का एक तरीका बन गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह पूरे समुदाय के लिए शर्म की बात है कि हमारे संविधान निर्माताओं के मन में जो ऊंचे आदर्श थे, उनका पालन करने में लगातार गिरावट आ रही है और समाज में नैतिक मूल्यों का ह्रास तेजी से बढ़ रहा है।

कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में हिंदू धर्म का भी उल्लेख किया। कहा, भ्रष्टाचार की जड़ का पता लगाने के लिए अधिक बहस की आवश्यकता नहीं है। हिंदू धर्म में सात पापों में से एक माना जाने वाला लालच अपने प्रभाव में प्रबल रहा है। वास्तव में, धन के लिए अतृप्त लालच ने भ्रष्टाचार को केंसर की तरह विकसित करने में मदद की है। यदि भ्रष्टाचारी कानून लागू करने वालों को धोखा देने में सफल हो जाते हैं, तो उनकी सफलता पकड़े जाने के डर को भी खत्म कर देती है। वे इस अहंकार में डूबे रहते हैं कि नियम और कानून विनम्र लोगों के लिए हैं न कि उनके लिए। पकड़ा जाना उनके लिए पाप है।

## उम्रकैद की सजा काट रहे बूढ़े और गंभीर बीमारी से पीडित बंदियों को मिलेगी समय से पहले रिहाई

**लखनऊ(एजेंसी)।** यूपी की जेलों में उम्रकैद की सजा काट रहे 70 साल से ज्यादा के बुजुर्ग और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त बंदियों को योगी सरकार बड़ी राहत दे सकती है। मानवीय आधार पर ऐसे कैदियों को जेल की चाहरदीवारियों से बाहर भेजने की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। सरकार की ओर से इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को दो हफ्ते में प्राथमिकता तय करते हुए यूपी के सभी जेलों में बंद ऐसे कैदियों की लिस्ट एक महीने में शासन को सौंपने के लिए कहा गया है।

## मुख्तार अंसारी के बेटों के मकान पर खूब गरजा बुलडोजर

**मऊ, एजेंसी।** दक्षिणटोला के जहांगीराबाद स्थित मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी व उमर अंसारी के नाम की जमीन पर निर्मित अवैध मकान को प्रशासन ने शुक्रवार को जमींदोज कर दिया। प्रशासन का बुलडोजर खूब गरजा। प्रशासन द्वारा पिछले दिनों मकान को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किया गया था। देर शाम तीन थानों के पुलिस और पीएसी बल की मौजूद्गी में प्रशासन ने तीन मंजिला मकान को जमींदोंज कर दिया।

नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि प्रशासन द्वारा कार्रवाई किए गए मकान की जमीन मुख्तार अंसारी की मां राबिया बेगम के नाम पर थी। जिसे राबिया बेगम ने मुख्तार अंसारी के दोनों बेटे अब्बास और उमर



तीन मंजिला घर किया जमींदोंज

अंसारी के नाम वसीयत कर दिया था। इस जमीन पर मकान को बिना नक्शा पास कराए अवैध रूप से अर्जित धन से बनाया गया था। जानकारी के मुताबिक, पिछले वर्ष 09 जून को प्रशासन ने गैंगस्टर एक्ट के तहत जमीन को जब्त किया था। जांच में पाया गया कि मुख्तार अंसारी ने बाहुबल से दूसरे की जमीन को अपनी मां राबिया बेगम के नाम पर कराया था।

## राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने किया वसन्तोत्सव-2023 का शुभारम्भ

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को राजभवन के प्रागंण में वसन्तोत्सव-2023 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर षि मंत्री गणेश जोशी, प्रथम महिला गुरमीत कौर, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी गीता धामी भी मौजूद रहे।

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने पुष्पों की लड़ी काटकर एवं शांति के प्रतीक रंगीन गुब्बारों को हवा में छोड़कर वसंतोत्सव का विधिवत उद्‌घाटन किया। राज्यपाल ने राजभवन परिसर स्थित नक्षत्र वाटिका पर बनी लघु फिल्म का विमोचन किया। इस अवसर पर डाक विभाग द्वारा इस वर्ष के लिये चयनित तिमरू के विशेष डाक आवरण का विमोचन किया गया साथ ही डाक टिकट प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया गया। इस अवसर पर उद्यान विभाग द्वारा किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए टोल फ्री किसान हेल्प लाइन नम्बर 18003135685 लांच किया गया। कार्यक्रम में उद्यान विभाग की पुस्तक 'शुष्क पुष्प व्यावसायिक' हस्त पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने अपना



फैमली फर्मर सदस्यता का लोकार्पण भी किया।

आज प्रथम दिवस के कार्यक्रमों में आईएमए के बैंड ने अपनी मधुर धुनों से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। वहीं गोरखा राइफल्स के जवानों द्वारा किए गए खुखरी नृत्य का लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। देव संसति विश्वविद्यालय, हरिद्वार के छात्रों ने योगा के बेहतरीन करतब दिखाये। इस दौरान आईटीबीपी के जवानों ने कराटे का अदभुत प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री ने वसंतोत्सव की प्रदर्शनी में लगाये गये विभिन्न स्टलों का भ्रमण किया। उन्होंने पेन्टिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों से मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष तीन दिवसीय वसंतोत्सव को लेकर लोगों में अलग उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष प्रतियोगिता में 200 व्यावसायिक प्रतिष्ठानोंध्स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रतिभाग किया जिनकी संख्या इस वर्ष बढ़कर 535 हो गयी है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव के जरिए उत्तराखण्ड षि एवं उद्यानीकरण के उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा। राज्यपाल ने कहा कि यहां के पुष्पों में अलग ही सौंदर्य और दिव्यता है जो उत्तराखण्ड को आने वाले समय में पुष्प प्रदेश बनाने की ओर ले जायेगा। उन्होंने कहा कि पुष्पों से आने वाला समय खुशहाली और समृद्धि का होने वाला है। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री और षि मंत्री की सराहना की और कहा कि प्रदेश के लिए उन्होंने जो योजनाएं बनायी हैं और उसमें प्रत्येक की भागीदारी सुनिश्चित की है जिससे इस क्षेत्र में एक नई क्रांति आना तय है। उन्होंने इस पुष्प प्रदर्शनी में अधिक से अधिक लोगों से प्रतिभाग की अपील की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वसंतोत्सव की सभी को बधाई दी और कहा कि वसंतोत्सव लोगों को प्रति से जुड़ने का भी संदेश देता है और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रोत्साहित करता है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के उत्सव से षि, उद्यान सहित विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने

# मुख्य सचिव ने की चारधाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में बैठक




देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने शुक्रवार को सचिवालय में चारधाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के सुदृढ़ीकरण किए जाने के सम्बन्ध में बैठक की।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा को बेहतर और सुरक्षित बनाने के लिए चारधाम यात्रा मार्गों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन के दौरान ही मेडिकल हिस्ट्री की जानकारी ले ली जाए। साथ ही, यात्रा के दौरान 55 वर्ष से अधिक आयु के श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य की जांच की जाए। इससे कम आयु के लोगों को जो देखने में अस्वस्थ प्रतीत हो रहे हैं, उनका भी मेडिकल चेकअप किया जाए। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रेशन के बाद से लगातार यात्रियों को चारधाम यात्रा के दौरान आने वाली स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी एवं क्या करें क्या न करें का कॉल, मैसेज, ऑडियो मैसेज आदि के माध्यम से जानकारियां उपलब्ध कराई जाएं। मुख्य सचिव ने पैदल मार्गों में मेडिकल रिलीफ कैंप्स की संख्या बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने फर्स्ट रेस्पोंडर्स की संख्या भी बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। कहा कि होटल और धर्मशाला संचालकों को भी फर्स्ट रेस्पोंडर्स की व्यवस्था किए जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। एक ओर जहां होटल आदि में यात्रियों को होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को समय पर ठीक किया जा सकेगा, वहीं दूसरी ओर पैरामेडिकल को भी रोजगार मिल सकेगा। उन्होंने इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को पैरामेडिकल बेरोजगार युवाओं को शॉर्ट टर्म प्रशिक्षण कराए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए स्वास्थ्य संबंधी सभी सुविधाओं, फर्स्ट रेस्पोंडर्स, डॉक्टर्स की यूनिफॉर्म निर्धारित की जाए, और यूनिफॉर्म के साथ ही सभी हेल्थ फैसिलिटीज का एक विशेष रंग भी निर्धारित किया जाए ताकि श्रद्धालु दूर से ही इन स्वास्थ्य सुविधाओं और हेल्थ वर्कर को पहचान सकें। मुख्य सचिव ने कहा कि पिछली यात्राओं में इन स्थानों में कार्य कर चुके लोगों से क्षेत्रों में व्यावहारिक समस्याओं को जानकर उनके निराकरण के लिए योजनाएं तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में कार्य करने के इच्छुक डॉक्टर्स से भी आवेदन मांगे जाएं। इससे चारधाम यात्रा मार्गों में डॉक्टर्स की उपलब्धता में काफी सुधार होगा।

# जोशीमठ भूधसांव प्रभावित भवन स्वामियों को पुनर्वास नीति के अनुसार मुआवजा धनराशि का वितरण शुरू



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर जोशीमठ नगर क्षेत्र में भूधसांव के कारण प्रभावित भवन स्वामियों को पुनर्वास नीति के अनुसार मुआवजा धनराशि का वितरण शुरू हो गया है। पुनर्वास पैकेज वितरण के तहत पहले दिन 03 प्रभावितों को 63.20 लाख की धनराशि का वितरण किया गया है। जिन प्रभावितों को मुआवजा राशि वितरित की गई है उनमें गांधीनगर वार्ड के प्रभावित सूबेदार मेजर मंगलू लाल (सेनि) पुत्र बाली लाल, तथा सुनील वार्ड के प्रभावित कृष्णा पंवार पुत्र कल्याण सिंह एवं बलदेव सिंह पंवार पुत्र कल्याण सिंह शामिल है। इन तीनों परिवारों को 63.20 लाख का मुआवजा वितरण किया गया है। प्रशासन द्वारा प्रभावित लोगों के अभिलेखों का सत्यापन एवं मूल्यांकन कार्य तेजी से किया जा रहा है। शीघ्र ही अन्य प्रभावितों को भी पुनर्वास पैकेज के तहत मुआवजा धनराशि का वितरण किया जाएगा।

# चारधाम यात्रियों से पिछले साल की तरह लिया जाएगा किराया



ऋषिकेश। चारधाम यात्रा को लेकर संभागीय परिवहन विभाग भी हरकत में आ गया है। तीर्थयात्रियों से राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) की ओर से साल 2022 में निर्धारित किराये के अनुरूप ही वसूली के निर्देश दिए हैं। सुरक्षित और सुगम यात्रा को लेकर चेकिंग टीमों की भी संख्या को बढ़ाया गया है।

हरिद्वार बाईपास मार्ग स्थित एआरटीओ कार्यालय में शुक्रवार को आरटीओ प्रशासन सुनील शर्मा और प्रवर्तन शैलेश तिवारी ने निजी परिवहन कंपनियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति के विधिवत गठन की जानकारी विभाग को भी लिखित में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ट्रिप और ग्रीन कार्ड से लेकर यात्रियों के पंजीकरण से जुड़ी शंकाओं को भी दूर किया। इंतजामों को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव लिए। ग्रीन कार्ड बनने के बाद यात्री बस के हर मूवमेंट की निगरानी की बात भी कही। एआरटीओ सुनील शर्मा ने बैठक में साफ किया कि चारधाम दर्शन को आने वाले तीर्थयात्रियों से एसटीए से निर्धारित किराया ही वसूला जाए। बताया कि यात्रा में सुरक्षा और लापरवाही की जांच को टीमों की संख्या दो बजाय अब पांच कर दी गई है। पांच चेकपोस्ट पहले से ही तय हैं। बताया कि टैक्सी समेत यात्रा में संचालित होने वाले वाहन यूनियन पदाधिकारियों की बैठक भी जल्द होगी। मौके पर एआरटीओ मोहित कोठारी, हरिद्वार से रश्मि पंत, परिवहन कर अधिकारी सुनील कुमार, संयुक्त रोटेशन अध्यक्ष संजय शास्त्री, मनोज ध्यानी, धीरेंद्र गुसाईं, योगेश उनियाल, प्यारेलाल जुगरान, यशपाल राणा आदि मौजूद थे।

## बिना फिटनेस के स्कूली बच्चों को ले जा रहे आठ वाहन सीज

ऋषिकेश। शहर और आसपास के क्षेत्रों में नियमों को ताक पर रख दौड़ रहे स्कूली वाहनों की चेकिंग को लेकर संभागीय परिवहन विभाग ने सघन अभियान चलाया। इस दौरान फिटनेस और टैक्स समेत कई तरह की कमियों के मिलने पर परिवहन कर अधिकारी ने 55 स्कूली वाहनों के चालान किए गए। इस दौरान आठ वाहनों को सीज किया गया। परिवहन कर अधिकारी अनिल कुमार ने टीम के साथ हरिद्वार बाईपास मार्ग, बदरीनाथ नेशनल हाईवे, भानियावाला और रानीपोखरी क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन कर स्कूली वाहन चलाने पर चेकिंग की।

# भाजपाइयों ने बूथ को मजबूत करने के लिए बनाई रणनीति

ऋषिकेश। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक कर बूथ सशक्तिकरण की योजना तैयार की। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ को मजबूत करने और जन–जन तक भाजपा की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया। शुक्रवार को रेलवे मार्ग स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में ऋषिकेश मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार ने कहा कि पन्ना प्रमुख, बूथ शक्ति केंद्र संयोजक और भाजपा की प्रत्येक इकाई को मजबूत किया जाएगा। क्योंकि जब बूथ मजबूत होगा, तभी पार्टी भी मजबूत होगी। प्रत्येक मतदाता तक पहुंचना और प्रत्येक मतदाता की समस्याओं का समाधान करना ही हमारा लक्ष्य है। मंडल प्रभारी राजकुमार राज ने कहा कि हमें अपने प्रत्येक बूथ को मजबूत करना है और एक–एक मतदाता तक पहुंचना है। जिसके लिए पन्ना प्रमुखों को भी जिम्मेदारी दी जाएगी। मंडल उपाध्यक्ष दिनेश सती ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव और नगर निकाय चुनाव में कार्य करना होगा। इस दौरान 14 शक्ति केंद्रों पर कार्यकर्ताओं को दायित्व दिया गया। मौके पर मंडल महामंत्री नितिन सक्सेना, पवन शर्मा, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा जगावर सिंह, गुप्ता मंडल मंत्री सौरभ गर्ग, दीपक बिष्ट, मंडल उपाध्यक्ष चंद्रेश्वर यादव, संजीव सिलस्वाल, ऋषि राजपूत, सचिन अग्रवाल, रंजन अंथवाल, अविनाश, नविता अग्रवाल, पार्षद शिवकुमार गौतम, राजेश दिवाकर, प्रदीप कोहली, प्रभाकर शर्मा, रीना शर्मा, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा माधवी गुप्ता, ज्योति पांडे, राधे श्याम जाटव, रूपेश गुप्ता, मनीष बनवाल, मनोज जैन, अरुण जैन, सुजीत यादव, गंभीर मेवाड़, मदन सिंह मेहर, अरुण जुगलान, राजेंद्र बिजल्वाण, जयप्रकाश नारायण आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### आपरेशन मुक्ति अभियान का शुभारंभ किया

नई टिहरी। जनपद टिहरी गढ़वाल में बच्चों को भिक्षावृति, कूड़ा बीनने व गुब्बारे बेचने जैसी गतिविधियों से हटाकर शिक्षा से जोड़ने को एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने आगामी दो माह के लिए आपरेशन मुक्ति अभियान का शुभारंभ करते हुए टीम को नई टिहरी मुख्यालय से रवाना किया। आपरेशन मुक्ति अभियान का शुभारंभ के मौके पर एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने कहा कि टीम बच्चों को भिक्षा, कूड़ा बीनने व गुब्बारे बेचने सहित अन्य गतिविधियों से दूर कर शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रभावी कार्य करते हुए अभियान शुरू किया गया है। पहले भी समय–समय पर यह अभियान चलाते हुए बच्चों को स्कूलों में भेजने का काम किया गया है। इसके लिए आम जनमानसा को जागरूक करने का काम भी टीम करेगी। अभियान के प्रथम चरण में पूर्व में चलाये गये समस्त अभियान के दौरान स्कूल में दाखिल कराये गये बच्चों से से बातचीत व उनका सत्यापन जो स्कूल नहीं जा रहे हैं। विभिन्न कामों पर लगाये बच्चों सत्यापन व चिन्हीकरण किया जायेगा। ऐसे बच्चों के गार्जनों सहित उनका पूर्ण विवरण तैयार कर बच्चों को स्कूल भेजने की कार्यवाही की जायेगी।

### तहसील दिवसों में आंशिक संशोधन

नई टिहरी। तहसीलों व उप तहसीलों में आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए माह मार्च व अप्रैल के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को आयोजित होने वाले तहसील दिवसों में आंशिक संशोधन किया गया है। यह जानकारी देते हुए एडीएम रामजी शरण शर्मा ने बताया कि माह मार्च में 7 तारीख को तहसील घनसाली में आयोजित होने वाले तहसील दिवस होलिका दहन अवकाश के कारण अब आगामी 21 मार्च को आयोजित किया जायेगा।

### वर्ल्ड हेयरिंग डे पर किया जनता को जागरूक

रुद्रप्रयाग। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से वर्ल्ड हेयरिंग डे पर जनपद के अनेक स्थानों पर गोष्ठियां आयोजित की गई। इस मौके पर बहरेपन व सुनने की हानि को रोकने के लिए जनता को जागरूक किया गया। मोबाइल के संतुलित उपयोग करने व तेज ध्वनि में संगीत सुनने से बचने पर जोर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मर्तोलिया ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनता को जागरूक करना है। कहा कि बहरेपन व श्रवण हानि के कारण व उसके निवारण के प्रति जागरूकता के लिए हर वर्ष 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर डॉ शाकिब हुसैन, डॉ. एजाज अहमद, डॉ. राजेश पुंडीर, ऑडियोमेट्रिस्ट संजय सिंह, सीएचओ आरती धरवाण, दीपक नौटियाल, डॉ. मनवर सिंह रावत दिगपाल कंडारी, मुकेश बगवाड़ी, विपिन सेमवाल, सतीश नौटियाल, नागेश्वर बगवाड़ी, यशवंत राणा आदि मौजूद थे।

# सेलाकुई से आईएसबीटी तक सिटी बस सेवा हुई शुरु



विकासनगर। सेलाकुई नगर पंचायत के साथ ही आसपास के करीब एक दर्जन गांवों के ग्रामीणों को देहरादून आईएसबीटी, परेड ग्राउंड तक जाने के लिए अब प्राइवेट यूनियन की बसों में धक्के नहीं खाने पड़ेंगे। सेलाकुई से आईएसबीटी और परेड ग्राउंड के लिए सिटी बसों का संचालन शुरू हो गया है।

शुक्रवार को विधायक सहदेव पुंडीर ने सिटी बसों को हरी झंडी दिखाकर सेलाकुई से रवाना किया। विधायक ने कहा कि सेलाकुई से आईएसबीटी तक सिटी बस संचालित किए जाने की मांग स्थानीय जनता लंबे समय से कर रही थी। अब जनता की मांग पूरी कर दी गई है। हर दिन चार सिटी बसें नियमित तौर पर सेलाकुई के आईएसबीटी, परेड ग्राउंड तक चलेंगी। एक बस दिन भर में कई चक्कर लगाएगी। सिटी बस का संचालन होने से उन लोगों को सहूलियत मिलेगी, जो प्रत्येक दिन रोजगार के सिलसिले में देहरादून के विभिन्न इलाकों में जाते हैं। इसके साथ ही बुजुर्ग और बीमार लोगों को भी प्राइवेट यूनियन की बसों की भीड़ में धक्के खाने से निजात मिलेगी और समय पर भी अपने गंतव्य तक पहुंचेंगे। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के बाशिंदों को बेहतर यातायात की सुविधा मुहैया कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सड़कों के सुधारीकरण से लेकर नई बसों का संचालन किया जा रहा है।

**सेलाकुई से डूंगा तक बस सेवा जल्द**

उन्होंने कहा कि जल्द ही सेलाकुई से डूंगा तक सिटी बस सेवा का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही कंडी क्षेत्र के ग्रामीणों को भी बेहतर यातायात सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मीता सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुखदेव फर्सवाण, भगत सिंह राठौर, विजयपाल सिंह, अनिल नौटियाल, शरद सिंह रावत, यशपाल नेगी, अधिशासी अधिकारी बीएल आर्य, नरगिस कुमार, विनोद कुमार करण पाल पुंडीर, दिनेश महावर, हरीश चौहान, बलभद्र थापा, विजय बिष्ट, ममता ठाकुर, अरुण प्रकाश भट्ट आदि मौजूद रहे।

## होली के त्योहार को आपसी भाई चारे के साथ मनायें: बिष्ट

विकासनगर। होली के त्योहार को शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से आपसे भाई चारे के साथ मनायें। त्योहार पर हुड़दंग न मचायें, कानून व्यवस्था को बनाये रखें। कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने व हुड़दंग मचाने वालों को बख्शा नहीं जायेगा, बल्कि सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। कोतवाली विकासनगर में होली के त्योहार को शांति पूर्ण तरीके से मनाये जाने को लेकर पुलिस ने जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, सीएनजी सदस्यों व नागरिकों के साथ बैठक की। बैइक को संबोधित करते हुए कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए लोगों के सुझाव लिए।

## विधायक ने लोनिवि अधिकारियों संपर्क मार्गों के सुधारीकरण का निर्देश दिये

विकासनगर। तहसील क्षेत्र की न्याय पंचायत धर्मावाला के अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहपुर–कल्याणपुर में विधायक सहदेव पुंडीर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र के सभी संपर्क मार्गों का सुधारीकरण करने के निर्देश दिए। विधायक ने बताया कि शाहपुर कल्याणपुर के रामगढ़ मजरे के पंचायत भवन से शिमला बाईपास की ओर से जाने वाला संपर्क मार्ग लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। रामगढ़ मजरे का मुख्य संपर्क मार्ग होने के कारण इससे आवागमन करते हुए करीब एक हजार की आबादी को हर परेशानी झेलनी पड़ती है। बरसात में पूरे मार्ग पर कीचड़ फैल जाता है। विधायक ने अधिकारियों को जल्द मार्ग का सुधारीकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने हसनपुर–कल्याणपुर पंचायत के संपर्क मार्गों, शिमला बायपास पर बरसाती खालों के समीप जल निकासी की व्यवस्था करने और बरसात से पहले सभी सुधारीकरण कार्य पूरा करने को कहा। विधायक ने कहा कि गांवों में आवागमन का मुख्य जरिया संपर्क मार्ग ही होते हैं, इन मार्गों से ग्रामीण अपने रोजमर्रा का सामान लाने के साथ ही निर्माण सामग्री भी लाते हैं। इसी के साथ गांवों में होने वाले पारिवारिक समारोह, शादी समारोह के साथ धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होती है। ऐसे में क्षतिग्रस्त मार्गों से बड़े वाहनों की आवाजाही के दौरान दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

# होली पर अतिरिक्त रूप से सतर्क रहे पुलिस



देहरादून। सीएम पुष्कर धामी ने गृह विभाग और पुलिस को होली के मौके पर कानून व्यवस्था की विशेष निगरानी रखने को कहा है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र पर्व को मनाने में किसी तरह की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए।

शुक्रवार को गृह विभाग और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में सीएम ने कहा कि होली जैसे पर्व को लेकर पुलिस विभाग पुख्ता इंतजाम करें। प्रदेश की सीमा से लगे जनपदों में विशेष सर्तकता बरती जाए। उन्होने पुलिस महानिदेशक को सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ तैयारियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पुलिस अधिकारी सुनिश्चित करें कि होली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की कोई अव्यवस्था या अप्रिय घटना न होने पाए। इसमें किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नही की जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आसामाजिक तत्वों और संदिग्ध लोगों पर विशेष निगरानी रखी जाए। पुलिस तंत्र फील्ड पर सतर्क और सक्रिय रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उल्लास और उमंग का यह पर्व देवभूमि उत्तराखंड में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए, यह परम्परा आगे भी बनाए रखनी है।

## सवा करोड़ की साइबर ठगी में एक और आरोपी दबोचा

देहरादून। बीमा पालिसी में मदद का झांसा देकर महिला से 1.30 करोड़ रुपये हड़पने में शामिल एक अन्य आरोपी साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन पुलिस ने गिरफ्तार किया है।


आरोपी से पुलिस ने महिला को कॉल करने में प्रयुक्त मोबाइल फोन और कई एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। एएसपी एसटीएफ चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि विनोद कुमारी बंसल निवासी आकाशदीप कॉलोनी ने बीते 26 दिसंबर को केस दर्ज कराया। बताया कि पीड़िता ने साल 2017 में मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की पालिसी ली। जो 2027 में मेच्योर होनी थी।

# गैरसैंण में पहले ही दिन विधानसभा घेराव करेगी कांग्रेस



देहरादून। गैरसैंण में बजट सत्र के पहले ही दिन मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने विधानसभा घेराव का निर्णय लिया है। कांग्रेस भर्ती घपला, अंकिता हत्याकांड और अडाणी मामले को लेकर प्रदर्शन करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने बताया कि केंद्र से लेकर प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर नाकाम हो रही है। युवा, महिलाएं, कर्मचारी वर्ग सरकार के खिलाफ आंदोलनरत हैं। इसलिए सरकार को जगाने के लिए कांग्रेस बजट सत्र के पहले ही दिन गैरसैंण में विधानसभा घेराव करेगी। इसमें पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ ही सभी विधायक मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश सरकार से जुड़े मुख्य रूप से भर्ती घोटाला, अंकिता भंडारी हत्याकांड, महिला सुरक्षा जबकि केंद्र सरकार से जुड़े अडाणी मामला, महंगाई को लेकर प्रदर्शन करेगी। साथ ही पार्टी विधायक सदन में भी सरकार को जोरदार तरीके से घेरेंगे। बजट सत्र आगामी 13 मार्च से शुरू हो रहा है।माहरा ने कहा कि सरकार ने गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी का दर्जा देने के नाम भी छलावा किया है। तीन साल बीतने के बावजूद गैरसैंण में राजधानी का काम काज शुरू नहीं हो पाय है। सिर्फ सांकेतिक रूप से बीच में सत्र आयोजित कर दिया जाता है। इसके खिलाफ भी कांग्रेस आवाज उठाएगी।

# अवकाश के दिन भी जमा होंगे बिजली के बिल



देहरादून। ऊर्जा निगम के सभी ऑफिसों में अब रविवार समेत अवकाश के दूसरे दिनों में भी बिजली के बिल जमा होंगे। राजस्व वसूली बढ़ाने, बिजली खरीद को पैसे जुटाने को राजस्व वसूली शत प्रतिशत किए जाने को यूपीसीएल की ओर से मुहिम छेड़ी जा रही है। बाजार से महंगी बिजली जुटाने को यूपीसीएल को अतिरिक्त पैसा खर्च करना पड़ रहा है। पिछली बार अकेले मार्च, अप्रैल, मई के महीने में ही बिजली जुटाने को 1300 करोड़ रुपये खर्च करने पड़े थे। इस बार भी अप्रैल, मई, जून के महीने में बिजली का गंभीर संकट खड़ा होने की आशंका जताई जा रही है। इस संकट से निपटने को शत प्रतिशत राजस्व वसूली पर जोर दिया जा रहा है। 31 मार्च तक शत प्रतिशत वसूली सुनिश्चित हो सके, इसके लिए अब सप्ताह में पूरे सात दिन यूपीसीएल के ऑफिस खुले रहेंगे। निदेशक ऑपरेशन एमएल प्रसाद की ओर से सभी ऑफिसों के लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं। सिर्फ होली के लिए सात और आठ मार्च को अवकाश रहेगा। इसके बाद रविवार और दूसरे शनिवार को भी ऑफिस खुले रहेंगे। सामान्य दिनों की तरह राजस्व वसूली की जाएगी।

यूपीसीएल के स्तर से 95 प्रतिशत ही राजस्व वसूली रहती है। इस पांच प्रतिशत वसूली के छूट जाने के कारण 500 करोड़ के राजस्व का नुकसान यूपीसीएल को हो रहा है।

राजस्व वसूली बढ़ाने को बिजली के बिल अब पूरे समय जमा किए जा सकेंगे। उपभोक्ता रविवार समेत दूसरे अवकाश के दिन भी बिल जमा कर सकेंगे। इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। –अनिल कुमार, एमडी यूपीसीएल ।

## कन्या गुरुकुल में खूब उड़े रंग गुलाल,मना फागोत्सव

देहरादून। कन्या गुरुकुल महाविद्यालय में शुक्रवार को मनोविज्ञान विभाग की ओर फागोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं और शिक्षिकाओं ने जमकर होली खेली। इसके अलावा इसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। जिसमे सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महिमा समूह ने द्वितीय स्थान प्रियांशी समूह ने तथा तृतीय स्थान यशवी समूह ने प्राप्त किया ।

## दून में लगेगा देश भर के रेशम उत्पादकों का सात दिवसीय मेला

देहरादून। देश भर के सिल्क उत्पादकों का सात दिवसीय मेला देहरादून में आयोजित किया जाएगा। मेले के जरिए उत्तराखंड के सिल्क को राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाएगी। मेले में केंद्रीय कपड़ा मंत्री शामिल होंगे। राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना निदेशालय देहरादून में हुई बैठक में सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि मेले में सभी प्रदेशों के सिल्क उत्पादक का काम करने वालों को आमंत्रित किया जाए। इस मेले से दून सिल्क को देश भर में पहचान मिलेगी। देश भर के रेशम से बने हुए वस्त्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। राज्य के लोगों को भी कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना के दक्षिणी राज्यों के रेशम के उत्पाद देहरादून में खरीदने को मिलेंगे।कहा कि इस दिशा में उत्तराखंड कोऑपरेटिव रेशम फेडरेशन भी अच्छा काम कर रहा है। लाल बहादुर शास्त्री आईएएस एकेडमी में आईएएस प्रशिक्षुओं ने सिल्क वस्त्रों की खरीदारी में अच्छी रूचि दिखाई है। उत्तराखंड के सभी विश्वविद्यालयों के सभी दीक्षांत समारोह में पहने जाने वाले परिधान अब दून सिल्क के ही तैयार होंगे।

## नशा नहीं, बेहतर भविष्य चुने विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय की एंटी ड्रग सेल की ओर से नशे के दुष्प्रभावों पर जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया रैली में छात्र नशा विरोधी नारे लगाकर आम जन से नशीले पदार्थों से दूर रहने की अपील कर रहे थे। रैली किशनपुर बाजार से होते हुए राजकीय इन्टर कालेज कण्वघाटी तक गई तथा वापस महाविद्यालय कैपंस में आकर समाप्त हुई। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय कुमार अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को अपने आस-पास के क्षेत्र में नशा उन्मूलन अभियान चलाने हेतु प्रेरित किया। एण्टी ड्रग्स सेल संयोजक डा. कपिल ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराते हुए कहा कि नशा अपराध की पहली सीढ़ी है। इसलिए हमें इससे बचकर रहना होगा और अन्य लोगों को भी प्रेरित करना होगा। इस अवसर पर प्रो. अरविन्द सिंह, डा. भोलानाथ, डा. इन्दु मलिक, डा. सन्दीप कुमार, डा. गौरव जैन, डा. कपिल और डा. अनुराग शर्मा सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# होली से पहले सरकार ने लगाया महंगाई का गुलाल

### व्यावसायिक व घरेलू सिलेंडर के बढ़े दामों ने बढ़ाई परिवारों की चिंता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : रंगों के त्योहार होली से पहले सरकार ने आम जनता पर महंगाई का गुलाल लगाया है। व्यावसायिक के साथ ही घरेलू सिलेंडर के बढ़े दामों ने गरीब परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। त्योहार सीजन में बढ़े सिलेंडर के दामों से खाद्य पदार्थ व मिठाईयों के दाम भी आसमान छू सकते हैं। स्थानीय महिलाओं ने सरकार से महंगाई पर लगाम लगाने की मांग की है। कहा कि सरकार को महंगाई रोकने के लिए योजना बनानी चाहिए।

पहले से ही खाद्य सामग्री के दामों में इजाफे की मार झेल रहे परिवारों के लिए सिलेंडर के दामों में इजाफा किसी झटके से कम नहीं है। अचानक बढ़े सिलेंडर के दामों ने मध्य वर्गीय परिवारों को चिंता में डाल दिया है। घरेलू गैस सिलेंडर 50 रुपये महंगा हुआ है। जबकि, व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत में 350 रुपये उछाल देखने को मिला है। यानि पूर्व में जो घरेलू



घरों में सिलेंडर पहुंचाने जाता कर्मचारी ।

सिलेंडर 1073 रुपये का पड़ता था, अब उसके लिए 1123 रुपये देने पड़ रहे हैं। इसी तरह 1822 रुपये का पड़ने वाला व्यवसायिक सिलेंडर 2172 रुपये पहुंच गया है। व्यवसायिक सिलेंडर के दाम बढ़ने से मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थों के दामों में भी बढ़ोत्तरी होनी निश्चित है। गृहणी मोनिका देवी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ चुका है। सभी क्षेत्र में लगातार महंगाई बढ़ती जा रही है। जनता का हित देखते हुए सरकार को महंगाई पर लगाम लगानी चाहिए। लता भंडारी ने कहा कि सरकार ने फिर से रसोई गैस के दाम बढ़ाकर जनता की परेशानी बढ़ा दी है।

सरकार को महंगाई कम करनी चाहिए। जिससे आम आदमी बिना चिंता के दो वक्त की रोटी आसानी से खा सकें।

## योगंबर सिंह रावत को दी श्रद्धांजलि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : कोट ब्लाक के राजकीय आदर्श कन्या जूनियर हाईस्कूल सल्डा में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सैनिक व सामाजिक सरोकारों से जुड़े स्व. योगंबर सिंह रावत को क्षेत्रीय जनता शिक्षकों द्वारा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजकुमार पोरी, ब्लाक प्रमुख कोट पूर्णिमा नेगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीनगर जितेंद्र धीरवाण सांसद प्रतिनिधि संजय बलुनी ने पूर्व सैनिक को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके कायी को याद किया। जितेंद्र धीरवाण ने सेना में उनके साथ व्यतीत क्षणों को याद करते हुए एक भाई व बेटे के रूप में उनके परिवार के साथ हमेशा खड़े रहने का संकल्प उनके परिवार को दिया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने पेंटिंग व निबन्ध के माध्यम से भी पूर्व सैनिक को याद किया। संयोजक रोशन डोगरा ने उन्हें भारत मां का सच्चा सपूत बताया और स्कूल को आर्दश स्कूल बनाने में उनकी भूमिका को याद किया। इस मौके पर सुभाष रावत, महेश गिरि, भारती लाल, भजन सिंह कठैत, गौरव, भुपेंद्र रावत, यशवंती राणा, दुर्गावती शाह, राकेश मोहन, सुषमा रावत, अंजना आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सक सहित छः का हुआ स्थानांतरण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : कार्यों में लापरवाही बरतने पर स्वास्थ्य विभाग ने जिले के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुगड्डा के प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित मेडिकल व कार्यालय से जुड़े छः कार्मिकों का अन्यत्र स्थानांतरण कर दिया है। विभाग द्वारा कराई गई जांच के बाद यह कार्रवाई की गई। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. प्रवीण कुमार ने स्थानांतरण के आदेश जारी कर दिए हैं।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. प्रवीण कुमार ने बताया कि राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुगडडा को लेकर शिकायत मिली थी। जिसमें बच्चा पैदा होने पर उन्हें विटामिन सी के इंजेक्शन न लगाए जाने, एनएचएम के तहत पोलियो अभियान के दौरान वाहनों में प्रयोग में लाए जाने वाले पेट्राल को निजी वाहनों में डालने, एक कार्मिक के संबद्ध होने के बाद भी उपस्थिति रजिस्टर में उसका नाम नहीं होने आदि की जांच की मांग गई। बताया कि शिकायत के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे।

सीएमओ ने बताया कि इस मामले में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव कुमार से जांच कराई गई। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट आने के बाद प्रथम द्दष्टया चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी सहित 6 का स्थानांतरण आदेश कर दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से व्यावहारिक व प्रशासनिक आधार पर जिन कार्मिकों का स्थानांतरण किया गया है। उसमें स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. मनोज कुमार, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स उत्तरा, वर्षा के साथ ही लेखाकर सोहन सिंह, क्लर्क तनवीर का स्थानांतरण आदेश जारी कर दिए गए हैं। इनमें तीन कार्मिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत हैं।

सभी को जनपद के अन्य चिकित्सालयों में स्थांतरित किया गया है। सीएमओ ने बताया कि जल्द ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुगड्डा में चिकित्साधिकारी सहित अन्य कार्मिकों को भेज दिया जाएगा।

# अग्निवीर भर्ती के मानदंडो व पात्रता की दी जानकारी



महाविद्यालय में अग्निवीर भर्ती योजना की जानकारी देते भारतीय सेना के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : गढ़वाल राइफल्स लैंसडौन की ओर से विद्यार्थियों को अग्निवीर भर्ती के मानदंडो व पात्रता की जानकारी दी गई।

महाविद्यालय कोटद्वार में "भारतीय सेना अग्निवीर" पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भर्ती महानिदेशालय लैंसडौन की ओर से कार्यशाला संपादित की गई, जिसमें सूबेदार मेजर अशोक कुमार एवं हवलदार सिबिन केबी के द्वारा छात्र–छात्राओं को अग्निवीर में भर्ती होने हेतु पात्रता मानदंडों को विस्तार से समझाया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के 47 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर एमड्डी कुशवाहा ने सभी छात्रों को देश की रक्षा हेतु अग्निवीर भर्ती हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ देवेंद्र सिंह चौहान ने सभी मुख्य अतिथियों, प्राध्यापकों एवं छात्र छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में मुख्यशास्ता डॉ. रमेश सिंह चौहान, डॉ. जुनीष कुमार एवं डॉ. धनेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

# दिव्यांगों के बेहतर विकास के लिए काम कर रही सरकार : ऋतु

### भाबर क्षेत्र के अंतर्गत झंडीचौड़ में किया श्री आदि शंकर विद्यालय का उदघाटन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने भाबर क्षेत्र के अंतर्गत भारती देव एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से बनाए गए श्री आदि शंकर विद्यालय के नए भवन का उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के बेहतर विकास के लिए सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। दिव्यांग अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें इसके लिए समाज के अन्य लोगों को भी कार्य करना होगा।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने रिबन काट कर भारती देव एजुकेशन फाउंडेशन के श्री आदि शंकर दिव्यांग विद्यालय का उद्घाटन किया। लगभग डेढ़ वर्ष से विद्यालय कोटद्वार में ही किराए के कमरों पर चलता था, लेकिन आज संस्था ने अपना खुद के विद्यालय का उद्घाटन किया है। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने दिव्यांग विद्यालय के लिए संस्था की सराहना करते हुए कहा की हमें दिव्यांग बच्चों के लिए समर्पित संसाधनों की आवश्यकता है, जिससे उन्हें समान अधिकार और अवसर मिल सकें। इस विद्यालय के माध्यम से संस्था ने इस समस्या का समाधान करने के लिए एक कदम उठाया है जो इस समाज के समर्थन का प्रतीक है। हमें इसे अपनी जिम्मेदारी मानकर इसे बढ़ावा देना चाहिए।



भाबर में विद्यालय भवन का शुभारंभ करती विस अध्यक्ष

उन्होंने कहा की दिव्यांगो को भी शिक्षा का अधिकार होना चाहिए। शिक्षा के माध्यम से दिव्यांगो को स्वतंत्र बनाया जा सकता है, उन्हें आत्मविश्वास दिया जा सकता है और उन्हें अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करने में मदद मिल सकती है। शिक्षा के माध्यम से दिव्यांगो को उनके हक का ज्ञान होता है, जो उन्हें समाज में अधिक सक्रिय बनाता है। शिक्षा के माध्यम से दिव्यांगो को उनके जीवन में बहुत सारी नई संभावनाएं मिलती हैं। उन्हें अपनी अनुभूतियों और क्षमताओं का पूरा उपयोग करने का मौका मिलता है। इसलिए, दिव्यांगो को शिक्षा का अधिकार देना बेहद आवश्यक है जो उन्हें उनके हक के साथ एक बेहतर जिंदगी जीने में मदद कर सकता है। भारती देव फाउंडेशन के प्रबंधक कमलेश कुमार ने विद्यालय की जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग विद्यालय में अभी 32 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे।

उन्होंने कहा की हमारे समाज में विकलांगता एक बड़ी समस्या है, लेकिन हम सबको यह समझना चाहिए कि विकलांगता केवल शारीरिक रूप से होने वाली असमंजस्यता नहीं है, बल्कि मानसिक रूप से भी हो सकती है। इसलिए हमें दिव्यांग लोगों को शिक्षा उनके सभी अधिकारों में से एक है। इस मौके पर पार्षद सुखपाल शाह, पार्षद मनीष भट्ट, वीरेंद्र भारद्वाज, रामेश्वरी देवी, गीता देवी, रिनी लखेड़ा, मेघा, हेमा जदली आदि मौजूद रहे।

# होली पर न करें कैमिकल युक्त रंगों का प्रयोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : एकोहम फाउंडेशन ने आमजन से होली पर कैमिकल युक्त रंगों का प्रयोग न करने की अपील की है। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से होली मिलन समारोह भी करवाया गया।

लालपुर क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ हंस फाउंडेशन के प्रदेश प्रभारी पदमेंद्र सिंह बिष्ट ने किया। उन्होंने कहा कि कुछ दिन बाद होली का त्योहार मनाया जाएगा। ऐसे में हमें कैमिकल युक्त रंगों का प्रयोग न करते हुए हर्बल रंगों का उपयोग करना चाहिए। कहा कि होली पर हमारी वजह से किसी अन्य व्यक्ति को परेशानी न हो इसका भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम में फाउंडेशन के संस्थापक डा. अपासा बडूनी ने महिलाओं को स्तर कैंसर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि जागरूकता से महिलाएं स्तन कैंसर से बच सकती है। इस मौके पर पार्षद लीला कर्णवाल सहित अन्य कीर्तन मंडली से जुड़ी महिलाएं मौजूद रही।



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में हंस फाउंडेशन के प्रांतीय प्रभारी पदमेंद्र बिष्ट को स्मृति चिह्न प्रदान करते फाउंडेशन की सदस्य

# युवा कांग्रेस ने फूका केंद्र सरकार का पुतला

### सिलेंडर के दामों में हो रही बढ़ोतरी पर जताया रोष



कोटद्वार तहसील तिराहे के समीप पुतला दहन करते युवा कांग्रेस कार्यकर्त्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : व्यावसायिक व घरेलू सिलेंडर के दामों में बढ़ोत्तरी किए जाने पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। कहा कि सरकार महंगाई बढ़ाकर आमजनता का शोषण कर रही है। इससे सबसे अधिक परेशानी गरीब परिवार के लोगों को हो रही है। कार्यकर्ताओं ने जल्द महंगाई पर लगाम नहीं लगाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को कार्यकर्त्ता तहसील तिराहे के समीप एकत्र हुए व केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय रावत ने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने जनता को अच्छे दिन के सपने दिखाए थे। लेकिन, भाजपा के कार्यकाल में लगातार महंगाई की मार पड़ती जा रही है। कुछ दिन पूर्व सरकार ने कमर्शियल व घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोत्तरी कर दी है। कामर्शियल सिलेंडर में 350 व घरेलू सिलेंडर के दामों में पचास रुपये बढ़ाए गए हैं। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी गरीब परिवारों को हो रही है। कहा कि भाजपा सत्ता में बैठ जनता का शोषण कर रही है। कहा कि यदि जल्द सिलेंडर के दामों में कटौती नहीं की गई तो युवा कांग्रेस जनता के साथ मिलकर आंदोलन चलाएगी। पुतला दहन करने वालों में छात्र संघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल, जिला महासचिव नीरज बहुगुणा, अभिषेक रावत, अरविंद रावत, दमन दीप, मुकुल नेगी, वसीम, प्रदीप नेगी, मोहम्मद रानू, मनीष चौहान, ऋषभ, दीपक बिष्ट, मुदित गोयल आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांग विद्यार्थियों को दिए उपकरण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : ब्लॉक संसाधन केंद्र सुखरो में आयोजित कार्यक्रम में दुगड्डा, जयहरीखाल, यमकेश्वर रिखणीखाल व नैनीडांडा के दिव्यांग विद्यार्थियों को व्हीलचेयर सहित अन्य उपकरण वितरित किए गए।

जिला परियोजना कार्यालय की ओर से समग्र शिक्षा अभियान कार्यक्रम के दौरान 37 विद्यार्थियों को व्हीलचेयर, कैलीपर्स, कान की मशीन, कृत्रिम जूते, सीपी



पेयर, सेंसर्स वाकिंग वितरित किए गए। प्रभारी उप शिक्षा अधिकारी सूरत सिंह पंवार ने कहा कि समाज में रहने वाले दिव्यांगों की मदद के लिए हमसभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस मौके पर सूरत सिंह पंवार, विशाल मौर्य, नरेंद्र कुमार, भारत भूषण, डा. शिव कुमार भारद्वाज, सुधीर अग्रवाल, उमेश कुमार, पुष्पा रावत, भावना राणा, विनाद कुमार पटेल, संजय कुमार, विकास नेगी, भारत कुमार, जाहिद अहमद आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने रूद्रपुर पहुंचकर स्वयं सहायता समूह के कार्यो का अवलोकन किया



रूद्रपुर – अध्यक्ष उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग श्रीमती कुसुम कण्डवाल ने रूद्रपुर पहुंचकर सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण व महिला स्वयं सहायता समूह के कार्यो का अवलोकन किया। उन्होने सम्पेषण गृह के निरीक्षण के दौरान बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन को चख कर गुणवत्ता को परखा। उन्होने कहा कि भोजन की गुणवत्ता ठीक थी, कक्ष एवं शौचलय आदि भी साफ–सुथरा था। अध्यक्ष ने सम्प्रेषण गृह में रह रहे बच्चों से मिल कर उनका हाल–चाल जाना। इस दौरान उन्होने प्रधान मजिस्टेज्ट किशोर न्याय बोर्ड डॉ0 आलोक राम त्रिपाठी से मुलाकात कर आवश्यक जानकारी ली। अध्यक्ष ने कहा कि अभिभावकों को भी अपने बच्चों की निगरानी करनी चाहिये। जिससे बच्चा गलत संगत में पड़ कर गलत कार्य न करें। उन्होने कहा कि संप्रेषण गृह में बच्चों को नियमित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो इसके लिये प्रयास किया जायेगा। उन्होने कहा कि संप्रेषण गृह में स्टाफ आदि की यदि कही कोई कमियां है उसे भी मै अपने स्तर से मुख्यमंत्री व सम्बन्धित विभाग से वार्ता कर कमियों को दूर करने का प्रयास करूगीं। उन्होने कहा कि यहा पर और क्या अच्छा हो सकता है उसके लिये भी कार्य किया जायेगा। उन्होने कहा कि संप्रेक्षण गृह में जो बच्चे रह रहे है उनके लिये जो सुविधायें सकार द्वारा दी जा रही है वें बच्चों को मिल रहा है या नही उसको भी देखने आयी हुं जो सब कुछ ठीक मिला। अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं के उत्पीड़न को रोकने के लिये आयोग द्वारा अनेकों प्रयास किया जा रहा है। उन्होने कहा कि यदि कही पर भी कोई महिला उत्पीड़न का मामला सामने आता है तो उसके लिये पुलिस विभाग को आयोग द्वारा निर्देश दिये गये है कि तत्काल मामला दर्ज कर महिला को सहयोग करें। उन्होने कहा कि पुलिस विभाग को निर्देश दिये गये है कि यदि पीड़ित महिला पुलिस के पास आती है तो उसकी हर बात सूनी जाये। उन्होने कहा कि महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिये सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिये स्वंय सहायता समूह से जोड़कर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिये जा रहे है। उन्होने कहा कि अब महिलाएं भी जागरूक हो गयी है जो अपने पैरों पर खड़ा हो कर अपना परिवार चला रही है। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के लिये जो योजना चला रही है उसकी सुविधा सही तरीके से महिलाओं को मिल रही है या नही इस पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि महिला तस्करी रोकने के लिये भी आयोग द्वारा अनेक कार्य किये जा रहे है। उन्होने कहा कि राज्य में महिला नीति बनायी जा रही है जो देश का पहला राज्य होगा। उन्होने बताया कि 01 अप्रैल, 2022 से वर्तमान तक महिलाओं और किशोरियों द्वारा उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग में विभिन्न प्रकार के 1309 मामले दर्ज किये गये जिसमें से 607 मामलों का निस्तारण किया जा चुका है, 702 मामलों पर कार्यवाही चल रही है।

इस दौरान अधीक्षक संप्रेषण गृह राजेन्द्र पाण्डे, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य अमित श्रीवास्तव, रजनीष बत्रा, स्वेता मिश्रा, लक्ष्मी रस्तोगी, फरजाना बेगम, माही सकलानी आदि उपस्थित थे।

# टनकपुर में सिडकुल निर्माण के लिए प्रदर्शन



चम्पावत। टनकपुर में इंसाफ द पावर संगठन ने सिडकुल निर्माण की मांग की है। इस संबंध में संगठन के लोगों ने तहसील में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। शुक्रवार को तहसील में इंसाफ द पावर संगठन के अध्यक्ष तिलक राम के नेतृत्व में संगठन के लोगों ने एकदिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि टनकपुर के लोगों के पास रोजगार ना होने के कारण लोग घरों से पलायन करने पर मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने शीघ्र सिडकुल निर्माण की मांग की है। यहां पुष्कर राम, कालूराम, गिरीश कुमार, अरविंद, सोनू कुमार, पूर्व सभासद गंगा गिरी गोस्वामी प्रकाश कलोनी, अविनाश कोहली, बलविंदर सिंह, बहादुर राम टम्टा, शादाब अंसारी, महेंद्र शर्मा, नरेश चंद्र गुप्ता आदि रहे।

# होटल में जुआ खेलते हुए सात पकड़ें

पिथौरागढ़। डीडीहाट पुलिस ने होटल में जुआ खेलते हुए सात लोगों को पकड़ा है। शुक्रवार को पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक हिमांशु पंत के नेतृत्व में पुलिस ने एक होटल में छापेमारी की। इस दौरान नरेन्द्र कुमार, कमलेश सिंह चौहान, लोकेश सिंह, चन्दन सिंह, राम सिंह, प्रदीप सिंह व मनोज सिंह को जुआ खेलते हुए पकड़ा। लोगों के पास से एक ताश की गड्डी व 13 हजार 200 रुपय भी बरामद हुए। पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। टीम में एसआई बसन्त टम्टा, हेड कांस्टेबल प्रदीप गिरी, कांस्टेबल दिनेश जोशी, राजेन्द्र कुमार, होमगार्ड कुन्दन राम, दीपक जोशी शामिल रहे।

## पिथौरागढ़ में भाजपा लागू करेगी गुजरात मॉडल

पिथौरागढ़। निकाय चुनाव,लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा चार विधानसभाओं में गुजरात मॉडल लागू करेगी। पिथौरागढ़, डीडीहाट, गंगोलीहाट, धारचूला विधानसभा के 599 बूथों में 51 प्रतिशत से अधिक मत हासिल करने का लक्ष्य तय किया गया है। भाजपा निकाय चुनाव व लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों में जुट गई है। 148 शक्ति केंद्र व 19 मंडलों में बूथ सश्क्तीकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें शक्ति केंद्र सम्मेलन आयोजित कर बूथ समितियों का गठन किया जाएगा। समिति के गठन के बाद पन्ना प्रमुख का चयन किया जाएगा। संगठन ने पार्टी की विचारधारा से अधिक से अधिक लोगों को जोडने के लिए गुजरात मॉडल अपनाने का निर्णय लिया है। जिसमें चार विधानसभाओं के 599 बूथों में 51 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त करने का लक्ष्य तय किया गया है।

# किसान के घर में घुसे डकैतों ने युवक को चाकू घोंपकर लाखों के जेवर लुटे

, सितारगंजः चीनीमिल क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में किसान के घर डकैतों ने धावा बोलकर लाखों के जेवरात नगदी लूट ली डकैतों ने परिवार के दो सदस्यों पर चाकू और डंडों से हमला कर घायल कर दिया। लूटपाट के बाद डकैत परिवार के चारों सदस्यों को बंद कर फरार हो गए सूचना मिलने पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया डॉग स्क्वायड फॉरेंसिक टीम के साथ वरिष्ठ अधिकारियों ने डकैतों की धरपकड़ तेज कर दी है। डकैती के मामले में 6 अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

गोविंदपुर निवासी ओमप्रकाश पुत्र बाबूराम खेती बाड़ी का काम करते हैं। उनके दो पुत्र हैं, जिनमें बड़ा पुत्र सुनील कुमार कोचिंग सेंटर संचालित करता है। जबकि छोटा पुत्र कपिल कुमार घर में रहता है। सुनील कुमार की पिछले माह 22 फरवरी को शादी हुई है। 2 मार्च को सुनील कुमार पत्नी को मायके से लेकर घर पहुंचा था। देर रात आठ से 6 बदमाशों ने ओम प्रकाश के घर में धावा बोल दिया। बदमाश दीवार कूदकर घर में घुसे और बगल के दरवाजे से कमरों में दाखिल हो गए। बदमाशों के हाथों में तलवार, लोहे की रॉड, चाकू, सब्बल और डंडे थे। सबसे पहले बदमाशों ने ओम प्रकाश उनकी पत्नी ललिता देवी को बंधक बना लिया। इसके बाद बदमाशों ने ओमप्रकाश के पुत्र सुनील कुमार उसकी पत्नी सुमन और छोटे बेटे कपिल कुमार को बंधक बनाकर रस्सी से बांध दिया। डकैतों ने कपिल कुमार के पेट में चाकू मारकर घायल कर दिया। आरोपित बंधक सदस्यों से घर में रखे जेवरात और नगदी के बारे में पूछताछ कर रहे थे। इस दौरान बदमाशों ने सुनील कुमार के सिर में डंडा मारकर घायल कर दिया। डकैतों ने अलमारी, तिजोरी में रखा करीब 15 तोले सोना, एक लाख की नगदी लूट ली। लूटपाट करने के बाद बदमाशों ने परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल भी छीन लिए जो बदमाश साथ ले गए।

बदमाशों के जाने के बाद बड़ी मुश्किल से परिवार के सदस्यों ने हाथ पांव खोलें और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल, चौकी प्रभारी कविंद्र शर्मा तत्काल पुलिस बल के साथ पहुंच गए। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार, सीओ ओमप्रकाश भी देर रात घटनास्थल पर पहुंच गए। बदमाश करीब 1 बजे घर से लूटपाट कर फरार हुए हैं। डकैती की खबर मिलते ही घटनास्थल पर शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों का जमावड़ा लगा रहा।

# खटीमा के हल्दी में साढ़े सत्रह एकड़ में बनेगा स्टेडियम

रुद्रपुर। राजस्व विभाग ने खटीमा में स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव युवा कल्याण विभाग को भेजा है। स्टेडियम के लिए साढ़े सत्रह एकड़ का प्रस्ताव तैयार किया गया है। यह जमीन पीलीभीत रोड में सड़क किनारे है। अगर इस जगह को युवा कल्याण विभाग ने पास किया तो यह दूसरा स्टेडियम होगा। खटीमा में खेल प्रतिभाओं के लिए स्टेडियम की मांग वर्षों पुरानी है। स्टेडियम के बगैर कई प्रतिभाएं यहां दम तोड़ चुकी हैं। विधायक रहते सीएम पुष्कर सिंह धामी ने चकरपुर मे वन चेतना मैदान में स्टेडियम के लिए 17 करोड़ रुपये स्वीकृत कराया था। सीएम बनने के बाद धामी ने इसका शिलान्यास भी किया। उसके बाद से ही खटीमा में एक बड़े स्टेडियम के लिए जगह की तलाश शुरू कर दी गई थी। तहसीलदार शुभांगिनी ने बताया कि यूपी सीमा से लगे हल्दी गांव में जमीन खोज ली गई है। साढ़े सत्रह एकड़ जमीन हाईवे से लगी हुई है। जमीन का प्रस्ताव तैयार कर युवा कल्याण विभाग को भेजा है। इसके बाद युवा कल्याण विभाग इस जगह को आकर देखेगा। अगर जमीन स्टेडियम के मानकों पर खरी उतरी तो भूमि स्थनांतरण की कार्रवाई की जाएगी। अगर सब कुछ ठीक रहा तो खटीमा में एक अत्याधुनिक और विशाल स्टेडियम बनेगा।

## डामर करने के बजाय मिट्टी से कर दिया गड्ढा भरान


चम्पावत। गुमदेश के ग्रामीणों ने डामर करने के बजाय मिट्टी से गड्ढे भरने का आरोप लगाया है। विभाग की इस कार्य प्रणाली पर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है। शीघ्र डामरीकरण नहीं करने पर उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रधान प्रदेश संगठन की प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता अधिकारी व अन्य ग्रामीणों का कहना है कि लोहाघाट– पंचेश्वर–किमतोली–पुलहिंडोला सड़क बदहाल हो गई है। सड़क ठीक करने को लेकर कई बार प्रशासन और विभाग से गुहार लगाई गई। लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि बीते गुरुवार को गुमदेश क्षेत्र के शिष्टमंडल ने डीएम को ज्ञापन देकर सड़क ठीक करने की मांग की। डीएम ने डामरीकरण का आश्वासन भी दिया। लेकिन विभाग ने खानापूरी कर गड्ढों को मिट्टी से भर दिया है। इससे दुर्घटना का खतरा बन रहा है।

## ग्राम प्रहरी की पत्नी ने लगाया मारपीट का आरोप

बागेश्वर। कोतवाली पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम प्रहरी की पत्नी के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। दपंति कोतवाली आए और प्राथमिकी दी। पुलिस ने घटना की जांच प्रारंभ कर दी है। आरोपी के विरुद्ध फिलहाल पुलिस एक्ट में चालान किया गया है। मालता गांव के ग्राम प्रहरी सूरज सिंह कनवाल की पत्नी 42 वर्षीय भावना देवी ने कोतवाली में प्राथमिकी दी। उन्होंने बताया कि वह गोशाला की तरफ जा रहीं थी।

वहां रणजीत सिंह ने उन्हें रोक दिया। वह मारपीट करने लगा। बीचबचाव करने में आस्तिन भी फट गया। पति बीचबचाव किया। कहा कि वह कई बार उस पर हमला कर चुका है। हथियार लेकर भी घूमता है।

# 31बच्चों ने सैनिक स्कूल की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की



सितारगंजः सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के लिए आठ जनवरी 2023 को हुई लिखित परीक्षा में नगर स्थित ओम कोचिंग इंस्टीट्यूट के 31 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की, जिसमें कक्षा नौ के लिए छह तथा कक्षा छह के लिए 25 बच्चों ने बाजी मार,अगले चरण के लिए होने वाले फिजिकल तथा मेडिकल के लिए अपनी तैयारिया शुरू कर दी।

देशभर में सैनिक स्कूलो में दाखिले के लिए आठ जनवरी 2023,को हुई लिखित परीक्षा में हजारों की संख्या में बच्चों ने भाग लिया।जिसमें नगर स्थित ओम कोचिंग के 31 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर फिर से बाजी मारी। इंस्टीट्यूट के एमडी परितोष कुमार तथा सह प्रबंधक अर्जुन राठौर ने उत्तीर्ण हुए सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के लिए हुई लिखित परीक्षा में इस वर्ष कक्षा नौ तथा कक्षा छह के लिए इंस्टीट्यूट से 36 बच्चों ने लिखित परीक्षा दी,जिसमें से 31 बच्चों ने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की। परितोष कुमार ने बताया की सैनिक स्कूल की परीक्षा, केंद्र सरकार द्वारा गठित संस्था एनटीए के माध्यम से पूरे देश में कराई गई। इस बार बच्चों की चयन प्रक्रिया इ काउंसलिंग के माध्यम से होगी।जिसे एनटीए द्वारा पूरे देश में करवाया जाएगा। जिसमें चयनित हुए छात्रों को अपना फिजिकल तथा मेडिकल टेस्ट भी देना होगा। इसके पश्चात मेरिट लिस्ट के आधार पर उत्तीर्ण हुए छात्रों को घोड़ाखाल तथा अन्य सैनिक स्कूलों में दाखिला मिल सकेगा। कहा कि इस बार छात्रों की चयन प्रक्रिया में होने वाले साक्षात्कार चरण को समाप्त किया गया है।

इस बार ओम कोचिंग से कक्षा नौ के लिए पुष्कर राज यथार्थ मिश्रा सौम्य शर्मा सोहेल अली विराट सिंह भूमिका राणा तथा कक्षा छह के लिए दिव्यांश ललित समरथ सिंह कीरत प्रताप सिंह शौर्य सिंह राणा आयुषी गंगवार हर्षिता राणा पार्थ गंगवार देवाशीष जेवियर वैभव सिंह राणा मानवीय भट्ट रक्षिता कांडपाल आयुष गंगवार कार्तिक अध्ययन चौधरी ललिता राणा रूपल यादव सृष्टि रावत नवनीत सिंह रावत दक्ष सिंह ऋषभ प्रसाद चेष्टा राणा आदित्य सिंह हर्ष कुमार ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

# डीडीहाट में हाटथर्प के ग्रामीणों ने निकाला जुलूस

पिथौरागढ़। हाटथर्प में ठोस अपशिस्ट प्लांट के लिए बनाए जा रहे भवन के विरोध में ग्रामीण सड़क पर उतर आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में किसी भी सूरत में कूड़े से संबंधित निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा। अगर नगरपालिका ने निर्माण कार्य बंद नहीं किया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। शुक्रवार को हाटथर्प के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान हेमा साह के नेतृत्व में तहसील परिसर तक जुलूस निकाला। इस दौरान उन्होंने कहा कि नगरपालिका हाटथर्प में ठोस अपशिस्ट प्रबंधन प्लांट का निर्माण कर रही है। उक्त स्थान में कूड़े रिसाईकिल किया जाएगा। इससे गांव का वातावरण दूषित होगा। आसपास का वातावरण प्रदूषित होने से लोग बीमार भी हो सकते हैं। बाद में उन्होंने एसडीएम भगत सिंह फोनिया को ज्ञापन देकर ठोस अपशिस्ट प्लांट का निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है।

## भीम आर्मी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

पिथौरागढ़। राजस्थान के भरतपुर में दो युवाओं की पिटाई के बाद मौत मामले में भीम आर्मी ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है।

शुक्रवार को कुमाऊं मण्डल संयोजन के अध्यक्ष गोविंद बौद्ध के नेतृत्व में युवाओं ने डीएम को माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

# आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों ने घेरी कोतवाली

रुद्रपुर। ग्राम नजीमाबाद के प्रधान प्रतिनिधि अजय साहनी पर हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से ग्रामीण भड़क गए हैं।

आक्रोशित ग्रामीणों ने शीघ्र आरोपियों के कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। शुक्रवार को पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कोतवाल धीरेंद्र कुमार का घेराव किया। उन्होंने आरोप लगाया दो दिन पूर्व पुलिस ने ग्राम नजीमाबाद में अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाकर कच्ची शराब की खेप पकड़ी थी। शराब पकड़वाने के शक में आरोपियों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय साहनी पर हमला कर दिया। जिसमें अजय घायल हो गए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कोतवाली में तहरीर देने के बावजूद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। पूर्व विधायक शुक्ला ने अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इधर, कोतवाल ने उन्हें कार्रवाई का भरोसा दिलाया। यहां मंडी चेयरमैन कमलेंद्र सेमवाल, नजीमाबाद ग्राम प्रधान मीना साहनी, सभासद संदीप अरोरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, विवेक राय, सरोज कुमार, दिनेश थुवाल, परमजीत सिंह पम्मा, बिंटू, सतीश जोशी, चरनजीत सिंह, गुरदेव सिंह, गुरदेव सिंह रहे।

## मृतक एसआई के पति को बैंक ने 50 लाख का चेक दिया

चम्पावत। पंजाब नेशनल बैंक, खटीमा द्वारा पी०एन०बी० रक्षक योजना के तहत, बनबसा थाने में तेनात एसआई स्व0 विजय लक्ष्मी की सड़क दुर्घटना में 22.जून 2022 को जिनका निधन हुआ था। उनके आश्रित पति श्याम राम को रू0 5000000(पचास लाख) का चेक क्लेम दिया गया इस अवसर पर सीओ अविनाश वर्मा, मंडल प्रमुख पंजाब नेशनल बैंक प्रताप सिंह रावत,एसआई हेमंत सिंह खड़ायत बैंक शाखा प्रबंधक अमित कुमार,विश्वदीप सक्सेना मौजूद थे।

## आठ दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा विभाग को नोटिस

बागेश्वर। खाद्य सुरक्षा विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने कपकोट व भराड़ी बाजार के दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान स्वामियों को प्रतिष्ठान में विशेष साफ–सफाई रखने तथा खाद्य पदार्थो के खरीद–परोख्त का रिकार्ड व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान आठ खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों को पालन नहीं करने पर नोटिस जारी किए गए। जिला अभिहित अधिकारी डॉ. प्रकाश फुलारा ने बताया कि निरीक्षण दौरान खाद्य तेल, मावा तथा खुली नमकीन का नमूना लेकर जांच के लिए रुद्रपुर भेजे गए। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# मेले में स्टाल लगा लोगों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

अल्मोड़ा। बरदाई गोरिया के नाम से प्रसिद्ध श्री गोलज्यू मंदिर डालाकोट में होली एकादशी पर आयोजित मेले में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए। लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। समाज कल्याण विभाग ने केंद्र सरकार से दी जाने वाली बृद्धावस्था, विकलांग, विधवा राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली किसान, पुरोहित, डगरिया, जगरिया तीलू रोतेली आदि योजनाओं और उसकी पात्रता प्रक्रिया की जानकारी दी। उद्यान विभाग ने मौसमी सब्जियों के बीजों की प्रदर्शनी पर भी लोगों ने दिलचस्पी ली और बीज व दवाओं की खरीदारी की। बताया जा रहा है कि कुछ समय पूर्व तक दिन के साथ– साथ रात्रि में भी मेला आयोजित किया जाता था, जिसमें रात्रि में पुत्र प्राप्ति एवं अन्य मनोकामनाओं हेतु महिलाएं दिया जागरण करती थी।

## पांच माह से लापता बालक को बरामद किया

चम्पावत। पांच माह से लापता चल रहे नाबालिग प्रशांत बिष्ट को पुलिस ने फर्रुखाबाद से सकुशल बरामद किया है। सकुशल बरामदगी होने पर परिजनों ने चैन की सांस ली है।

# उत्तराखंड सरकार ने गन्ना किसानों को फिर से ठगा

किच्छा, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री व प्रवक्ता उत्तराखंड कांग्रेश डॉ० गणेश उपाध्याय ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि उत्तराखंड सरकार ने गन्ना किसानों को फिर से ठगा है। इस वर्ष गन्ने का समर्थन मूल्य एक रु० भी नहीं बढ़ाया गया है। विगत 5 साल में महंगाई में 50 फीसदी बढ़ चुकी है, डीजल के दामों में 25रु० की वर्तमान में बढ़ोत्तरी हो चुकी है। किसानों को खेती के लिए बीज , खाद, दवाई, बुवाई, जुताई, कटाई, मजदूरी के दामों में भारी बढ़ौत्तरी हो चुकी है। किसान, व्यापारी, बेरोजगार, आम गृहणी सभी बुरी तरह इस महंगाई से त्रस्त और परेशान हैं। बेरोजगार 5 साल से सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे है, पर सरकार पेपर लीक घोटाले में लिप्त है। विधायकों का वेतन 3 गुना बढ़ा दिया गया है, तमाम सुविधाएं, भत्ते, पेंशन बढ़ाकर उसका बोझ गरीब जनता पर डाल दिया गया है। आम आदमी मंहगाई के बोझ से दबा जा रहा है। किसान प्रति एकड़ गन्ना बुवाई पर 14000 रु ,गन्ना बीज 15000 रु ,गन्ना बीज शोध दवाई खाद पर 7000 रु,गन्ना बुवाई लेबर पर 8000 रु,निराई और सिंचाई पर 9000 रु ,सिंचाई पर 5000 रू दवाई और खाद पर 18000 रु देखरेख पर 2000 रु, कटाई पर 17000 रु, ठुलाई पर 10000 रु० सहित कुल लगभग 1 लाख रु० प्रति एकड़ का खर्च गन्ना फसल पर आता है। इस से किसाब को प्रति एकड़ मात्र 17000 रु की बचत होती है। जबकि किसान साल भर अपने गन्ने के खेत में समय देता है, उसकी मेहनताई नहीं है। यदि किसान जमीन किराये पर देता है, तो किसान को बचत होने की जगह 35000 रु० प्रति एकड़ का नुक़सान होता है अर्थात गन्ना फसल पर किसान को 100रु प्रति कुंतल का नुक़सान हो रहा है। जिससे किसान गन्ना फसल से दूरी बना रहा है और गन्ने का रकबा घटता जा रहा है। उत्तराखंड के 2.28 लाख गन्ना किसान बेसब्री से मूल्यवृद्धि का इंतजार कर रहे थे। सरकार ने उन्हें निराश किया। आज गन्ने का मूल्य कम से कम 500 रुपये कुंतल होना चाहिए लेकिन सरकार ने इसमें एक पैसा भी नहीं बढ़ाया। यह सरकार किसानों की मित्र नहीं बल्कि शत्रु है। सरकारी नीतियों की वजह से खेती की लागत में लगातार वृद्धि हो रही है। खेती के लिए जरूरी हर चीज महंगी होती जा रही है।

## चाय फैक्ट्री में 56 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

बागेश्वर। स्वास्थ्य विभाग ने चाय फैक्ट्री कौसानी में स्वास्थ्य शिविर लगाया। यहां काम करने वाली महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की। उन्हें दवा वितरण भी किया। डिप्टी सीएमओ डॉ. हरीश पोखरिया ने महिलाओं से खान–पान में विशेष ध्यान रखने को कहा। इस दौरान 56 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ और उन्हें दवा भी दी गई।

## टनकपुर में इंसाफ द पावर संगठन ने धरना दिया

चम्पावत। टनकपुर में इंसाफ द पावर संगठन के लोगों ने मिनी सिडकुल निर्माण की मांग की है। इस संबंध में संगठन के लोगों ने तहसील में धरना दिया। बाद में तहसीलदार के जरिए सीएम को ज्ञापन भेजा। शुक्रवार को इंसाफ द पावर संगठन ने तहसील परिसर में धरना दिया।

संगठन अध्यक्ष तिलक राम के नेतृत्व कहा कि टनकपुर में बेरोजगारी बहुत अधिक है। रोजगार नहीं होने के कारण लोग घरों से पलायन करने पर मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने टनकपुर में शीघ्र सिडकुल निर्माण की मांग की है। संगठन ने बाद में तहसीलदार पिंकी आर्या के माध्यम से सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा।

# लॉ फैकल्टी के पास झांडियो में धधकी आग



अल्मोड़ा। गर्मी बढ़ने के साथ ही जंगलों में आग की घटनाएं सामने आने लगी हैं।

शुक्रवार को लॉ फैकल्टी के पास खाली जगह पर उगी सूखी झाड़ियों में अचानक आग धधक गई। मौके पर पहुंची फायर सर्विस की टीम ने आग पर किसी तरह काबू पाया। दरअसल, फायर सीजन शुरू होते ही इन दिनों आग की घटनाएं बढ़ गई हैं। शुक्रवार दिन में करीब एक बजे नगर के लोअर मालरोड स्थित लॉ फैकल्टी के पास अचानक झाड़ियों में आग धधक गई। देखते ही देखते आग रिहायशी इलाके की ओर बढ़ने लगी थी। आग की लपटें देख स्थानीय लोगों ने फायर सर्विस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर 27 महिलाएं हुई सम्मानित

रुद्रप्रयाग। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना में जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालीं 27 महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मुख्यालय स्थित ज्वाल्पा पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह ने यहां मौजूद महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली की बधाई दी।

कहा कि पहाड़ की महिला भी पहाड़ जैसी ही मजबूत होती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने नारी पर आधारित कविता मैं ही तो नारी हूं कविता का पाठ भी किया। विशिष्ट अतिथि प्रज्ञा दीक्षित ने कहा कि महिला से ही जीवन शुरू होता है जबकि बिना महिलाओं की सहभागिता के समाज का निर्माण होना असंभव है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बाल विवाह को रोकने में महत्वूर्ण भूमिका देने पर या उसकी सूचना उपलब्ध कराने वालों को पुरस्कृत किया जा रहा है। बताया कि वैसे तो हर वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है, किंतु इस बार होली के चलते अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम किए गए। अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही व बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की जनपद ब्रांड एंबेसडर प्रीति नेगी ने कहा कि स्त्री में हर स्थिति में सामंजस्य बिठाने की अद्भुत क्षमता होती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का हर हाल में सम्मान होना चाहिए। बाल कल्याण समिति की सदस्य अनसुया पटवाल ने 0 से 18 वर्ष तक के कमजोर, निराश्रित व बाल श्रम को रोकने के लिए किए जा रहे जागरुक कार्यक्रमों व योजनाओं की जानकारी दी। आंगनवाड़ी कार्यकत्री गायत्री जगवाण ने महिला जीवन पर आधारित मार्मिक गीत गाया। कमला रावत व संगीता कप्रवान ने कविता के माध्यम से महिला जीवन पर प्रकाश डाला। बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने मुख्य अतिथियों का स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया।

इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश मिश्र, एसडीएम सदर अपर्णा ढौंडियाल, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन हर्षवर्धनी सुमन, क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्य, बाल विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि शैली प्रजापति, जखोली हिमांशु बडोला, रंजना गैरोला सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य महिलाएं मौजूद थी।

## नई टिहरी में धूमधाम से हिन्दू नव वर्ष मनाया जाएगा

नई टिहरी। नई टिहरी के बौराड़ी स्थित गीता भवन में नागरिक मंच, राज विद्या केंद्र, हिन्दू जागरण मंच, रामलीला समिति, बजरंग दल, भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति, व्यापार मंडल सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने बैठक कर हिन्दू नव वर्ष धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर आगामी 21 मार्च सांय को बौराड़ी स्टेडियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाऐंगे, साथ ही नगर भर में झांकी और दीपमाला आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाऐगा। समिति से जुड़े कमल सिंह महर ने बताया कि भव्य कार्यक्रम के आयोजन हेतु स्वागत समारोह समिति, सांस्कृतिक समिति, प्रचार व्यवस्था समिति, आर्थिक सहयोग समिति, मंच व्यवस्था समिति आदि का गठन कर दिया गया है, सभी समितियों के लोगों को कार्यक्रम की जिम्मेदारी भी सौंप दी गई है। बैठक में जगजीत नेगी, चंडी प्रसाद डबराल, सुंदरलाल उनियाल, भगवान चंद रमोला, राकेश बड़ोनी, सतीश थपलियाल, चरण सिंह, संजीव भट्ट, डा.विकास फोंदणी, संगीता नेगी, डा.यूएस नेगी, वेणी माधव, मस्ता नेगी, कैलाश रमोला, राजेश लोहनी, अनुराग पंत, अरविन्द नेगी सहित कई लोग शामिल थे।

## टिहरी में 50 हजार की चरस के साथ दो पकड़े

नई टिहरी। टिहरी जिले के थाना थत्यूड़ पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 50 हजार से अधिक कीमत की 552 ग्राम चरस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। इन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस ऐक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की है। पुलिस की मीडीया सेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएम धामी का प्रदेश को 2025 तक प्रदेश को नशे से मुक्त करने का अभियान है। जिसके तहत एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देशन में लगातार नशे के विरुद्ध कार्रवाइयां की जा रही हैं।

# भिलंगना में मोबाइल नेटवर्क नहीं रहने से परेशानी



नई टिहरी। केंद्र सरकार की ओर से बीते एक जनवरी 2023 से मनरेगा योजना के तहत श्रमिकों की उपस्थिति के लिए नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) लागू किया गया है, उक्त व्यवस्था से ग्राम प्रधानों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भिलंगना ब्लॉक के कई गावों में मोबाइल कनेक्टिविटी न होने और लंबे समय तक मोबाइल नेटवर्क गायब रहने से मनरेगा योजना में मजदूरी करने वाले श्रमिकों की हाजरी नहीं लग पा रही है। कनेक्टिविटी की परेशानी के मध्यनजर विगत माह ग्राम प्रधानों ने एनएमएमएस सिस्टम व्यवस्था लागू करने के खिलाफ ब्लाक मुख्यालयों में तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन किया था। उच्च अधिकारियों के अश्वासन के बाद ग्राम प्रधानों ने अपना धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया था। अधिकारियों ने ग्राम प्रधानों से कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या है, वह ग्राम प्रधान मोबाइल पर श्रमिकों की हाजरी दर्ज कर ब्लाक में दिखाने के बाद मस्टोल निकाल सकते हैं। भिलंगना ब्लॉक अंथवाल गांव की ग्राम प्रधान रेखा देवी ने बताया कि श्रमिकों से कार्य करवाने के दौरान घंटों तक मोबाइल नेटवर्क गायब रहता है, जिस कारण मौके पर श्रमिकों की हाजरी नहीं लग पा रही है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी, प्रधान संगठन और ब्लाक प्रमुख से इस समस्या का समाधान करने की अपील की है। उधर भिलंगना ब्लॉक के प्रधान संगठन अध्यक्ष दिनेश भजनियाल का कहना है कि बीडीओ के आश्वासन पर आंदोलन स्थगित किया गया था, ग्राम प्रधानों द्वारा उक्त समस्या के बारे में समय समय पर अधिकारियों से शिकायत की जा रही है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। कहा जल्द ग्राम प्रधान आंदोलन की रणनीति पर विचार करेंगे।

## नैनो यूरिया के प्रयोग से खेती की उर्वरकता को मिलेगा फायदा

चमोली। जिला सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि फसलों में दानेदार यूरिया के प्रयोग से कई दुष्प्रभाव देखे जा रहे हैं। ऐसे में दानेदार यूरिया के बजाए नैनो यूरिया के प्रयोग से इन दुष्प्रभाओं को काफी कम कर सकते हैं। इस दौरान मोटे अनाज की अच्छी खरीद पर गैरसैंण, नारायणबगड़ और थराली समितियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मौजूद समीतियों के सचिव, उर्वरक विक्रेता एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को बताया गया कि 500 एमएल नैनो यूरिया 45 किग्रा दानेदार यूरिया के बराबर काम करता है। इफको देहरादून की कृषि स्नातक निहारिका पांडे ने नैनो यूरिया के प्रयोग और प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। वहीं मुख्य कृषि अधिकारी वीपी मौर्य ने कहा कि पारंपरिक खेती को आधुनिक खेती में बदलकर ही व्यवसायिक कृषि की जा सकती है। कार्यक्रम में सहायक निबंधक योगेश्वर जोशी ने कहा कि नैनो यूरिया का बिक्रय जहां किसानों को कम दुष्प्रभाव वाली फसल देगा वहीं समिति को कमाई का एक साधन भी उपलब्ध कराएगा। जिला सहकारी बैंक के महाप्रबंधक एस सिंह ने बैंक द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी कार्यक्रम में दी। इस दौरान सहित समितियों के सचिव और अन्य कर्मचारी, अधिकारी मौजूद थे।

## बजट सत्र को लेकर डीएम ने आदेश दिए

चमोली। गैरसैंण विधानसभा बजट सत्र में अपेक्षित विधानसभा प्रश्नों के उत्तर तथा विधानसभा से संबंधित अन्य वांछित कार्यवाही के लिये जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। बजट सत्र अवधि के दौरान अधिकारियों की मुख्यालय में उपस्थित अनिवार्य की गई है।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने जनपद में कार्यरत समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय विभागों के कार्यालयाध्क्ष, विभागाध्यक्ष एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को विधानसभा सत्र की अवधि के दौरान मुख्यालय में बने रहने के आदेश जारी किए हैं।

# होली को सद्भावना से मनाने की अपील

चमोली। होली के पर्व के नजदीक आगमन को देखते हुए रिपोर्टिंग पुलिस चौकी नारायणबगड़ में पुलिस ने आम लोगों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों एवं वाहन चालकों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन कर सभी से होली को शांति और सद्भावना से संपन्न करने की अपील की है। शुक्रवार को स्थानीय रिपोर्टिंग पुलिस चौकी में पुलिस अधीक्षक पद्मेंद्र डोभाल के दिशा निर्देश पर चौकी प्रभारी अनिल बैंजोला की अध्यक्षता में एक गोष्ठी की गई, गोष्ठी में कहा गया कि संपूर्ण जनपद में आगामी होली के पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी पुलिस थानों और पुलिस चौकियों में आम लोगों को जागरूक करने के लिए जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, वाहन चालकों तथा बुद्धिजीवियों के साथ विचार विमर्श कर कानून व्यवस्था को बनाए रखने की अपील की जा रही है। शुक्रवार को स्थानीय रिपोर्टिंग पुलिस चौकी में गोष्ठी के दौरान आम लोगों से पुलिस की ओर से अपील की गई कि होली के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, होली को भाईचारे, सद्भाव और शांति पूर्वक मनाने की अपील की गई। इसी के साथ लोगों को सचेत करते हुए संदेश दिया गया कि होली के पर्व के दौरान सोशल मीडिया में संबंधित किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्टों के संबंध में संवेदनशीलता बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने, शराब पीकर हुड़दंग न मचाने को कहा गया।

## हंस फाउंडेशन ने किया नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

चमोली। पोखरी ब्लाक के बमौथ गांव में शुक्रवार को हंस फाउंडेशन ने नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

जिसमें बमौथ, सूगी, करछुना, रानों, सारी, कुमेड़ा आदि गांवों के 90 लोगों की आंखों की जांच की गई।

बताया कि जांच में 20 लोगों की आंखों का ऑपरेशन किया जाएगा।

## दुकानें शिफ्ट नहीं हुई तो लाइसेंस होगा निरस्त

चमोली। नगर पालिका द्वारा मीट मार्केट को शिफ्ट करने के लिए शुक्रवार को व्यापारियों को अंतिम नोटिस थमा दिया गया है।

नगर पालिका प्रशासन ने कहा कि यदि जल्द व्यापारी नव निर्मित दुकानों में शिफ्ट नहीं हुए तो लाइसेंस निरस्तीकरण सहित अन्य कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर में जगह–जगह मांस की दुकानें संचालित हो रही हैं। जिसके लिए विश्व हिंदू परिषद मुखर होकर कार्रवाई की मांग कर रहा है। वहीं नगर पालिका ने मांस की सभी दुकानें एक जगह संचालित हो, इसके लिए पेट्रोल पंप में दुकानों का निर्माण किया है।

# भारत के बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही तकनीकी शिक्षा की ओर बढ़ें: अग्रवाल

ऋषिकेश। कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि भारत के बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ ही तकनीकी शिक्षा की ओर बढ़ें।

इसके लिए नई शिक्षा नीति लागू की गई है। शुक्रवार को हरज्ञान चंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल डोईवाला में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि हर ज्ञानचंद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संस्कारवान शिक्षा दी जा रही है, यहां से शिक्षित होकर बच्चे विद्यालय ही नहीं, बल्कि माता–पिता व प्रदेश का नाम देश भर में रोशन कर रहे हैं। वार्षिकोत्सव विद्यालय की वार्षिक प्रस्तुति को दर्शाता है और यह आवश्यक भी है। वार्षिकोत्सव के जरिए विद्यालय के बच्चों को प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। इस तरह के कार्यक्रमों में विभिन्न राज्यों की संस्कृति एक मंच पर देखने को मिलती है। यही भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता का उदाहरण है।

वार्षिकोत्सव शिक्षक की भी परफारमेंस को दर्शाता है। पूरे वर्षभर बच्चों को दी गई शिक्षा, प्रशिक्षण, शारीरिक और सांस्कृतिक अभ्यास की दीक्षा का परीक्षण किया जाता है। कहा कि गौरव की बात है कि उत्तराखंड देश का प्रथम राज्य है जिसने स्कूली शिक्षा एवं उच्च शिक्षा दोनों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2022 को लागू किया है। एक शिक्षित और संस्कारी समाज के निर्माण में शिक्षकों की विशेष भूमिका रहती है। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मौके पर मंदीप बजाज, राजेंद्र बडोनी, ईश्वर चंद अग्रवाल, कैलाश मित्तल, आनंद गुप्ता, नरेंद्र गोयल, वीरेंद्र जिंदल, सियाराम गिरी, सम्पूर्णा नन्द थपलियाल, चंद्रशेखर गैरोला, संचित पांडे, हरिओम गुप्ता, भारत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## होली पर्व पर गंगा में नहीं चलेंगी राफ्ट

ऋषिकेश। होली पर गंगा की लहरों पर रोमांच का सफर राफ्टिंग करने की सोच रहे लोगों को झटका लगा है। मुनिकीरेती पुलिस ने आठ मार्च को गंगा में राफ्टिंग पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह निर्णय पुलिस ने राफ्टिंग व्यावसायियों के साथ सहमति बनने के बाद लिया है। एसएसपी नवनीत भुल्लर के निर्देश पर शुक्रवार को मुनिकीरेती थाने में प्रभारी निरीक्षक रितेश शाह की राफ्टिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। उन्होंने बताया कि पर्यटक सीजन के साथ ही होली पर्व को लेकर क्षेत्र में भारी तादाद में टूरिस्ट पहुंचे हैं।

लिहाजा, ऐसे में पुलिस के लिए होली पर्व सकुशल संपन्न कराने का चुनौती बन रहा है। पर्व के दिए राफ्टिंग के दौरान डूबने की घटनाएं होने का भी अंदेशा है। उन्होंने एसोसिएशन के सामने आठ मार्च को राफ्टिंग का संचालन नहीं करने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सदस्यों ने सर्वसम्मत्ति से मुहर लगा दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि होली पर्व पर हुड़दंग को थामने के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है। खासकर लोगों की सुरक्षा बेहद अहम है। इसी के मद्देनजर राफ्टिंग संचालन को यह फैसला लिया गया है।

बावजूद, कहीं प्रतिबंधित को उल्लंघन होता है, तो संबंधित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने व्यवस्थाओं को बनाने में स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील भी की है। मौके पर जिला पर्यटन अधिकारी केएस नेगी, अरविंद भारद्वाज, हुकुम सिंह, प्रदीप कपरूवान, सुमित पाल, कमल शर्मा, मनीष डिमरी, योगेश बहुगुणा, अनुभव पयाल, सुबोध रावत, विकास भंडारी, दीपक पुंडीर आदि मौजूद थे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि 28.03.2023 है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या, दिनांक | 326-DRM-MB-22-23 Date: 03.03.2023 | 327-DRM-MB-22-23 Date: 03.03.2023 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Manufacturing, Supplying & Loading, leading, unloading & stacking of 75000 cum Machine crushed stone ballast of 65 mm gauge size as per Railway Specification at Pathri Sub Depot B-1, B-2 under Sr.DEN/C/MB. | Manufacturing, supplying, loading and stacking of 50000 cum machine crushed stone ballast of 65 mm gauge as per Railway specification in ballast depot at Bangarmau under Sr.DEN/C/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 28/03/2023 16:00 Hrs. | 28/03/2023 16:00 Hrs. |
| अनुमानित लागत | 97036500.00 | 98589000.00 |
| धरोहर राशि | 635200.00 | 643000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 14/03/2023 | 14/03/2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | 10 माह |

नं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 03.03.2023 677/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# रोगियों के लिए निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाने का लिया संकल्प

ऋषिकेश। अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा ने ऋषिकेश डेंटल एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने रोगियों के लिए निःशुल्क डेंटल कैंप आयोजित करने का संकल्प लिया। शुक्रवार को दून मार्ग स्थित गढ़वाल महासभा के कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में महासभा अध्यक्ष डॉ. राजे नेगी ने ऋषिकेश डेंटल एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. मनोज कांडपाल, उपाध्यक्ष डॉ. मनीष भट्ट, सचिव डॉ. नवीन शुक्ला एवं कोषाध्यक्ष डॉ. लवित चंदोक को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। डॉ. राजे नेगी ने कहा कि एसोसिएशन समय समय पर स्कूलों व विभिन्न क्षेत्रों में लोगों के लिए दंत शिविर लगाता रहता है जो सराहनीय है। आरडीए के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. मनोज कांडपाल ने कहा कि आरडीए इंडियन डेंटल एसोसिएशन की शाखा है। एसोसिएशन का उद्देश्य है कि हर जरूरतमंद तक बेहतर एवं लाभकारी दंत चिकित्सा उपलब्ध कराई जा सके। इसके लिए एसोसिएशन द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की मलिन बस्तियों में हर माह निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सभी ने रोगियों के लिए निःशुल्क डेंटल कैंप आयोजित करने का संकल्प लिया। मौके पर मनोज नेगी, डॉ. मयंक भट्ट, अंजली वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## जनता के काम को दी जाए प्राथमिकताः एसडीएम

हरिद्वार। एसडीएम पूरण सिंह राणा ने कहा कि कर्मचारी और अधिकारी जनता के प्रति अपने व्यवहार में मधुरता एवं सुगमता के साथ–साथ कार्यों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित करें। शुक्रवार को एसडीएम ने तहसील में राजस्व कर्मिकों के बैठक की। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग आम जनता से जुड़े कार्यों का निर्वहन के लिए सरकार की सबसे महत्वपूर्ण मशीनरी है। शासन एवं आयोग स्तर के महत्वपूर्ण संदर्भों एवं सीएम हेल्पलाइन का त्वरित निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। खतौनी में खातेदारों का अंश निर्धारण कार्य में गति लाने के लिए सभी लेखपालों को निर्देशित किया गया। बैठक में तहसीलदार रेखा आर्य, नायब तहसीलदार रमेश चंद्र नौटियाल, रजिस्ट्रार कानूनगो रमेश प्रसाद, राजस्व निरीक्षक एवं राजस्व उपनिरीक्षक शामिल रहे।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

**निविदा विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा से आमन्त्रित **निविदा सं0 12/22–23 से निविदा सं0 14/22–23** के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 23.03.2023 को 13.00 बजे तक बढ़ायी जाती है जो दि0 24.03.2023 के 13.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी तथा उसी दिन 15.00 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्ते पूर्ववत है।

पत्रांक : 146/विविखनै/टी–6 दिनांक : 03.03.2023

अधिशासी अभियन्ता, वि0वि0 खण्ड, नैनीडांडा

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें

"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं | T-17-TRD-MB-22-23 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के खुर्जा–हापुड़ खंड पर हाफिजपुर स्टेशन पर गिट्टी साइडिंग के प्रावधान के लिए टी.आर.डी. का कार्य। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 25.03.2023 at 13:00 hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 57,11,590.62/- (18% GST सहित) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | ₹ 1,14,200/- |
| निविदाप्रपत्र मूल्य (₹) | शून्य |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 45 दिन |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 6 माह |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं. Elect/TRD/MB/2022-23/TN-15 दिनांक : 03.03.2023 675/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.**

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SG025867/2358

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी.एस.टी, ई.पी.एफ व ई.एस.आई. में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 24.03.2023 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 23.03.2023 को 13.00 बजे तक रू. 100/– (जीएसटी अतिरिक्त) प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं। निविदा संख्या 34/22–23 – वि.वि. उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के विभिन्न क्षेत्रों में परिवर्तको की क्षमतावृद्धि का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 5000.00 । निविदा संख्या 35/22–23 – वि.वि. उपखण्ड प्रथम, कोटद्वार के अन्तर्गत ग्राम शिब्बूनगर में विद्युतीकरण का कार्य । धरोहर धनराशि रू. 5000.00 । निविदा संख्या 36/22–23 – वि.वि. उपखण्ड द्वितीय, कोटद्वार के अन्तर्गत ग्राम हनुमन्ती एवं चैलूसैण में शिफ्टिंग का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 5000.00

पत्रांक: 622/विविखको/टी–6 दिनांक: 03.03.2023 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या–0135–2760911 पर दें।)


# योगगुरु ने दिया पुलिस फोर्स के इलाज का भरोसा

हरिद्वार। एसएसपी अजय सिंह ने बाबा रामदेव से मुलाकात कर विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहे पुलिस फोर्स के स्वास्थ्य को लेकर मंथन किया। रामदेव ने एसएसपी को भरोसा दिलाया कि विभिन्न रोगों से पीड़ित पुलिसकर्मियों का भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं योग से इलाज कराया जाएगा। एसएसपी ने बाबा रामदेव को आश्वस्त किया कि पतंजलि संस्थान के नाम पर हो रही ठगी की घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर विशेष प्रयास किए जाएंगे। एसएसपी अजय सिंह शुक्रवार को बाबा रामदेव से मिलने पतंजलि योगपीठ पहुंचे। एसएसपी ने मुलाकात के दौरान पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की चिंता को लेकर रामदेव से अपने विचार सांझा किए। एसएसपी ने उन्हें बताया कि पुलिस फोर्स के सामने रोजाना नई नई चुनौतियां होती है। अपने परिवार से दूर रहकर पुलिसकर्मी अपने फर्ज हो अंजाम देते हैं। लिहाजा कई पुलिसकर्मी बेहद ही गंभीर रोगों की चपेट में आ जाते है और तनाव से भी ग्रस्त होते है। ऐसे में पतंजलि योगपीठ में पुलिस फोर्स के इलाज के लिए कदम उठाया जाए। रामदेव ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा पद्धति की उपलब्धियों को एसएसपी से सांझा करते हुए किसी भी प्रकार के रोग निवारण में पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

योगगुरु ने पतंजलि के नाम से हो रही साइबर ठगी को लेकर भी एसएसपी से चर्चा की। एसएसपी ने बाबा रामदेव को भरोसा दिलाया कि साइबर ठगों से निपटने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। साइबर सेल को पतंजलि से जुड़े मसलों पर बेहद ही चौकस रहने के निर्देश दिए जाएंगे। भरोसा दिलाया कि इस तरह के ऑनलाइन ठगी को रोकना बेहद ही आवश्यक है, जिस दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## कोर विवि में मनाया गया महिला दिवस

हरिद्वार। कोर विवि ने उत्साह और जोश के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। जिसमें जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान को प्रदर्शित किया।

इस वर्ष के उत्सव का विषय लिंग समानता के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी था जिसका उद्देश्य लैंगिक पूर्वाग्रह और असमानता के बारे में जागरूकता बढ़ाना और व्यक्तियों को अधिक समावेशी दुनिया के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करना था।

समारोह की शुरुआत कोर विवि की कार्यकारी निदेशक चारू जैन के स्वागत भाषण से हुई। आयोजन की मुख्य अतिथि नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. माधुरी बर्थवाल रहीं।

डॉ. माधुरी बर्थवााल ने लैंगिक रूढ़ियों को चुनौती देने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता के बारे में विचार रखे।

## कोई भी व्यक्ति बिना प्रतिभा के जन्म नहीं लेताः कुलसचिव

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि में स्थापना दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दयानंद स्टेडियम परिसर के ध्यानचन्द हॉल में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता का शुभारम्भ विवि के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार और संकायाध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र कुमार त्यागी ने किया। प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति बिना प्रतिभा के जन्म नहीं लेता है। इस प्रतिभा को पहचाने कर आगे बढने वाला भविष्य की पीढी के लिए रोल मॉडल बनता है। प्रो. सुरेन्द्र त्यागी ने कहा कि भाव की अभिव्यक्ति के तीन माध्यम है वाणी, लेखन तथा चित्रकारी और जिसमे चित्रकारी से जुडा माध्यम कल्पनाओं से परे तथा रचनात्मकता से जुडा रहता है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. शिवकुमार चौहान ने पोस्टर प्रतियोगिता के उद्देश्य बताते हुए कहा कि कला–भावना एवं तकनीक का संगम होती है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद लक्सर जनपद हरिद्वार**

पत्रांक :- 850 / राज्य वित्त आयोग / 2022-23 दिनांक :- 02.03.2023

**अल्पकालीन कोटेशन सूचना**

निकाय के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से वर्ष 2022-23 के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इसके लिये दिनांक 10-03-23 को समय 3.00 बजे सांय तक कोटेशन आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन गठित कमेटी द्वारा नगर पालिका परिषद लक्सर के कार्यालय में खोली जायेगी, कोई एक कोटेशन अथवा समस्त कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/कमेटी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत | धरोहर राशि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं0-11 केशवनगर पूर्वी में तहसील गेट का निर्माण कार्य। | 2.05 | 7000 | 30 दिन |
| 2 | वार्ड नं0-11 केशवनगर पूर्वी में एस0डी0एम0 आवास की सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य। | 2.48 | 8000 | 30 दिन |

शेष जानकारी कार्यालय से कार्यालय समय/दिवस पर जानी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**

जयन्त-विचार



सम्पादकीय

# अमीरी-गरीबी

देश की आर्थिक स्थितियों और असमानता पर एक बार फिर आकलन सामने आए हैं। अब उन्हें संबोधित किया जाना चाहिए। भारत के सकल घरेलू उत्पाद, यानी जीडीपी, का आकार लगातार बढ़ता जा रहा है। हम 13.6 ट्रिलियन डलर की अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और सफर लगातार आगे बढ़ रहा है। अच्छी और सुखद खबर है कि दिसंबर, 2022 में थोक महंगाई दर 4.95 फीसदी तक लुढक आई। बीते 22 माह के बाद महंगाई निम्नतम स्तर पर है। अलबत्ता मई, 2022 में हम यही दर 15.88 फीसदी तक देख चुके हैं। खुदरा महंगाई दर भी 5 फीसदी के करीब है, लेकिन इन दरों से आम आदमी को महंगाई से तुरंत राहत मिलेगी, इस निष्कर्ष पर पहुंचना गलत होगा। खुदरा कारोबारी, गली-मुहल्ले के दुकानदार और रेहड़ीवाले फिलहाल प्रचलित कीमतों पर ही दाल, चावल, आटा, सब्जी आदि बेच रहे हैं। उनकी अर्थव्यवस्था समानांतर चलती है। फिर भी भारत में नियंत्रित मुद्रास्फीति कुछ सुकून और राहत देती है। पड़ोसी देश श्रीलंका में आज भी मुद्रास्फीति की दर 57.2 फीसदी और पाकिस्तान में करीब 25 फीसदी है। अमरीका, ब्रिटेन, यूरोप सरीखे विकसित देश भी इससे अटूते नहीं हैं। इसी खघ्बर के साथ-साथ अक्सफैम इंडिया की रपट ने कुछ खुलासे किए हैं। कुछ चिंताएं आरएसएस के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबले ने फिर दोहराई हैं। हमें लगता है। कि अब समय आ गया है, जब इन आर्थिक मुद्दों और सरोकारों को संबोधित किया जाना चाहिए और अपेक्षित, अनिवार्य सुधार भी किए जाने चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी की सत्ता को करीब पौने 9 साल बीत चुके हैं। अब तो भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने 2024 का आम चुनाव जीतने की भी रणनीति तय कर ली

है । अर्थव्यवस्था में कई प्रयोग किए जा चुके हैं। भारत आत्मनिर्भर होने की दिशा में बढ़ता जा रहा है। आज भारत स्वदेशी रेलगाड़ी श्वंदे भारतश का निर्माण और उत्पादन देश के भीतर ही कर रहा है। मोबाइल बनाने में हम दुनिया में दूसरे सबसे बड़े देश हैं। अटोमोबाइल्स में जापान के बाद भारत तीसरे स्थान पर है। खाद्यान्न उत्पादन में हम प्रथम या द्वितीय देश हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी और व्यापक क्रय-शक्ति वाला देश है। हमारे आयात-निर्यात का संतुलन संवर रहा है।

हमारे पास विदेशी मुद्रा का भंडार 550 अरब डलर से ज्यादा का है और सर्वाधिक विदेशी निवेश भारत में ही हुआ है। इतिहास आर्थिक सुधारों के लिए पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव और तत्कालीन वित्त मंत्री ड. मनमोहन सिंह को हमेशा याद रखेगा, क्योंकि उसी दौर के बाद हमारी अर्थव्यवस्था खुली है, लाइसेंस राज समाप्त प्रायरू है, भूमंडलीकरण का दौर शुरू हो पाया है आज नतीजा सामने है कि भारत 5 ट्रिलियन डलर की अर्थव्यवस्था पर सक्रियता से सोच पा रहा है और 2026 तक यह लक्ष्य भी हासिल हो जाना चाहिए, लेकिन आर्थिक विसंगतियां और असमानताएं आज भी भारत में हैं। मसलन मात्र 1 फीसदी धन्नासेठों के पास देश की 40 फीसदी से अधिक संपदा और संसाधन हैं।

देश की 50 फीसदी सबसे गरीब आबादी के पास मात्र 3 फीसदी संपत्ति है। देश की करीब 72 फीसदी संपदा और संसाधन 10 शीर्षतम अमीरों के पास हैं। नए अरबपतियों की संख्या 2022 में 166 तक पहुंच चुकी है। सिर्फ 100 लोगों के पास 18 माह के राष्ट्रीय बजट के बराबर, करीब 54.12 लाख करोड़ रुपए, धन है, जबकि 25-26 करा-ड़ भारतीय आज भी गरीबी रेखा के तले जीने को अभिशप्त हैं। यह आर्थिक असमानता कब दूर होगी ?

# करीबी दरिंदों से बचके

**घर के सुरक्षित माहौल से बाहर किसी शहर में जाकर जिंद्गी को शुरू करना आसान नहीं होता। ये लड़कियां खतरनाक किस्म के तत्वों के निशाने पर रहती हैं। देखिए, नौकरी और शिक्षा के लिए लडके-लड़कियां घर से तो निकलेंगी ही। उसे रोकना मुश्किल है। बेटियां भी पढ़-लिख कर आसमान टूने का तमन्ना रखती हैं। इसमें कोई हर्ज भी नहीं है। बेहतर रोजगार तथा स्तरीय शिक्षा के अवसर तो बड़े शहरों तथा महानगरों में ही उपलब्ध हैं। इसलिए महानगरों में आने वाली लड़कियों को खास तौर पर सतर्क रहने की जरूरत है। महानगरों में करोड़ों की आबादी के बावजूद इंसान अकेला है। संकट में उसके साथ कोई नहीं होता। यहां पर नाच-गाने की पार्टीयों में लोग खुशी-खुशी आ जाते हैं पर अगर किसी पर भगवान न करे, कोई संकट आ गया तो फिर लोग साथ खड़े नहीं होते।**



**डा. आरक़े. सिन्हा**

यकीन मानिए, इन दिनों सुबह सोकर उठने के बाद अखबार पढने में डर सा लगने लगता है। प्रति दिन इतनी भयानक खबरें छपती हैं कि दिल दहल जाता है।

कभी-कभी तो लगता है कि हमारे आसपास ही कुछ राक्षस घूम रहे हैं। हां, उनके चेहरे-मोहरे सामान्य मनुष्यों की तरह के ही हैं। इनके लिए किसी का कत्ल करना सामान्य सी बात है। ये अपने किसी परिचित के शरीर के टुकड़े-टुकड़े करने से जरा सा भी विचलित नहीं होते। ये उसे ही मार डालते हैं, जिनसे इन्होंने शादी करने का वादा किया होता है, या झूठी शादी रचाई होती है। राजधानी दिल्ली में कुछ समय के दौरान हुई दो ऐसी घटनाओं पर गौर करें। पहला केस श्रद्धा वालकर तथा आफताब पूनावाला का है। दोनों मुंबई के रहने वाले थे और नौकरी करने का बहाना बनाकर दिल्ली आ गए थे। शादी किए बगैर ही साथ-साथ रह रहे थे। इनके पड़ोसियों को लगता था कि ये पति-पत्नी हैं। इनके बीच में आपस में इस तरह का क्या हुआ कि आफताब ने श्रद्धा को नृशंसतापूर्वक मारकर टुकड़े-टुकड़े कर डाले। सबसे हैरानी की बात यह है कि उसमें किसी तरह का अपराधबोध नहीं है। उसने पुलिस से पूछताछ के दौरान एक बार भी यह नहीं कहा कि उसे अपने त्य पर अफसोस है।

अब दूसरा केस लीजिए। राजधानी में साहिल गहलोत नाम के एक शख्स ने अपनी मित्र निक्की यादव का कत्ल करके उसके शव को अपने फ्रीज में रख दिया। इतने जघन्य कांड को अंजाम देने के बाद साहिल ने एक अन्य लडकी से विवाह भी रचा लिया यानी उसने एक को मार दिया और दूसरी लडकी का जीवन तबाह कर दिया। श्रद्धा और निक्की यादव जैसी लड़कियों के साथ सहानुभूति रखते हुए इतना तो कहना ही होगा ये बदनसीब लड़कियां सच्चा दोस्त पहचान पाने में असफल रहीं। ये पढ़ी-लिखी थीं। ये आफताब तथा साहिल को पहचान पाने में नाकामयाब रहीं। आखिर, आफताब और साहिल में वे कौन से गुण थे जिनके चलते श्रद्धा तथा निक्की ने अपने घरवालों तथा समाज की परवाह किए बगैर अपना सब कुछ अपने इतने धूर्त मित्रों को समर्पित कर दिया? आपको वयस्क होने पर अपने कॅरियर से लेकर जीवन साथी चुनने का अधिकार तो निश्चित रूप से है। इस मसले पर कोई विवाद नहीं है पर आपको ये फैसले बहुत सोच समझकर लेने होंगे। आप भावनाओं में बहकर कोई भी कदम नहीं उठा सकते। अगर आप आंखों में पट्टी बांधकर फैसले लेंगे तो नतीजे ऐसे ही भयानक आ सकते हैं। यही तो श्रद्धा और निक्की यादव के साथ हुआ। जैसा कि पुलिस ने बताया कि श्रद्धा के पिता ने अपनी बेटी को बहुत समझाया भी था कि वह आफताब से संबंध न रखे। श्रद्धा के पिता को उसमें तमाम कमियां-खामियां नजर आ रही थीं। उन्होंने जिंद्गी को करीब से देखा था। उन्हें समझ आ रहा था कि वह संदिग्ध किस्म का इंसान है पर श्रद्धा ने अपने पिता की एक नहीं सुनी। उनकी नेक सलाह को दरकिनार करते हुए आफताब से संबंध बनाए रखने का फैसला लिया और अपने माता-पिता का घर तक छोड़ दिया। उसके बाद जो कुछ हुआ वह सबको पता चल चुका है। निक्की यादव की कहानी भी लगभग श्रद्धा ही तरह है।

पता नहीं रोज कितनी मासूम श्रद्धा और निक्की उस जाल में फंसती हैं, जिन्हें आफताब और साहिल जैसे राक्षस दिल आपराधिक प्रवृत्ति वाले लडके बिछाते हैं। ये लडके सीधी-सरल लड़कियों को झूठे वादे करके उनका विश्वास जीत लेते हैं। दरअसल, बीते बीस-पच्चीस सालों के दौरान पढने या नौकरी करने के लिए हजारों-लाखों लड़कियां छोटे शहरों से महानगरों में शिफ्ट कर रही हैं। ये प्रतियोगी परीक्षाएं भी दे रही हैं। अगर बात दिल्ली की करें तो यहां बिहार, झारखंड और ओडिशा की हजारों बेटियां हर साल आती हैं। ये यमुना पार के इलाकों में भी काफी संख्या में रहती हैं। आप कभी द्वारका से वैशाली जाने वाली मेट्रो रेल में सफर कीजिए। आप लक्ष्मी नगर और निर्माण विहार में मेट्रो रेल के हरेक फेरे में दर्जनों लड़कियों को चढ़ते-उतरते हुए देखेंगे। बैंगलुरू, चेन्नई और पुणो में भी देश भर से लड़कियां नौकरी के लिए पहुंच रही हैं। ये तीनों महानगर तो देश की आईटी राजधानी हैं ही। इसलिए वहां पर सारे देश के नौजवान भी जाते हैं। महानगरों में आते ही इन्हें एक नये संसार से साक्षात्कार होता है। इधर इनका कोई परिचित नहीं होता। ये लड़कियां आपस में एक साथ रहती हैं। इनके खाने-रहने की भी कोई ठोस व्यवस्था नहीं होती। इन परिस्थितियों में इनका शोषण करने वाले शातिर तत्व प्रकट हो जाते हैं।

दरअसल, घर के सुरक्षित माहौल से बाहर किसी शहर में जाकर जिंद्गी को शुरू करना आसान नहीं होता। ये लड़कियां खतरनाक किस्म के तत्वों के निशाने पर रहती हैं। देखिए, नौकरी और शिक्षा के लिए लडके-लड़कियां घर से तो निकलेंगी ही। उसे रोकना मुश्किल है। बेटियां भी पढ़-लिख कर आसमान टूने का तमन्ना रखती हैं। इसमें कोई हर्ज भी नहीं है। बेहतर रोजगार तथा स्तरीय शिक्षा के अवसर तो बड़े शहरों तथा महानगरों में ही उपलब्ध हैं। इसलिए महानगरों में आने वाली लड़कियों को खास तौर पर सतर्क रहने की जरूरत है। महानगरों में करोड़ों की आबादी के बावजूद इंसान अकेला है। संकट में उसके साथ कोई नहीं होता। यहां पर नाच-गाने की पार्टीयों में लोग खुशी-खुशी आ जाते हैं पर अगर किसी पर भगवान न करे, कोई संकट आ गया तो फिर लोग साथ खड़े नहीं होते।

सच्चाई यह है कि महानगरों के समाज का हिस्सा बनने में सालों लग जाते हैं। कुछ समय पहले राजधानी के एक शीर्ष पुलिस अफसर बता रहे थे कि उनके थाने में उन लडके-लड़कियों के झगड़े से जुड़े केस बहुत आते हैं, जो कई-कई महीनों से तो साथ-साथ रह रहे होते हैं। उसके बाद उनके तकर-ार और मारपीट शुरू हो जाती है। फिर मामला पुलिस के पास पहुंचता है। ये साथ-साथ रहने वाले लोग स्थानीय नहीं होते। ये दिल्ली के बाहर से आए होते हैं। कुल मिलाकर बात यह कि घर से बाहर पराए शहरों में नौकरी करने के लिए जाने वाली लड़कियों को आफताब तथा साहिल जैसे दरिंदों से बचना होगा। इन लड़कियों के माता-पिता, भाई-बहनों, सगे-संबंधियों को इनके संपर्क में प्रति दिन रहना होगा और संकट का आभास होते ही इनके पास तुरंत पहुंचना होगा। घर से संपर्क का तार टूटा कि लड़कियां राक्षसों के चंगुल में फंसीं।

# घर पर खुशबूदार परफ्यूम बनाने के लिए अपनाएं ये तरीके, आसान है प्रक्रिया



परफ्यूम रोजाना इस्तेमाल करने वाले जरूरी उत्पादों में से एक है। इसे लगाने से मूड अच्छा रहता है और इसकी महक से आप दिन भर तरोताजा महसूस कर सकते हैं। कुछ लोग तो परफ्यूम के इतने शौकीन होते हैं कि महंगे से महंगे परफ्यूम खरीद लेते हैं। हालांकि, ऐसा हर कोई नहीं कर सकता है। ऐसे में घर पर ही परफ्यूम बनाना एक बढिया विकल्प है। आइए आज खुशबूदार परफ्यूम बनाने के तरीके जानते हैं।

**फूलों का परफ्यूम**

सबसे पहले फूलों की पंखुडियों को धोकर रात भर कपड़े में रखकर पानी में भिगोकर रखें। अब एक पैन पर फूलों की थैली को अच्टे से निचोड़ें। इसके बाद इस पानी को आधा होने तक धीमी आंच पर उबालें। अब इस फूल वाले पानी में ठंडा पानी डालें और फिर इसे बोतल में स्टोर कर लें। इसे सेट होने के लिए रातभर के लिए रख दें। अब आपका फूलों वाला परफ्यूम तैयार है।

**साइट्रस परफ्यूम**

इस परफ्यूम को बनाने के लिए एक कटोरे में जोजोबा अयल और अल्कोहल डालें। अब इसमें बूंदें अंगूर, बूंदें संतरे के रस और बूंदें लैवेंडर अयल की डाल दें। इसके बाद इसमें उबला हुआ पानी मिलाएं। इन सभी सामग्रियों को अच्छी तरह से मिलाने के बाद एक कांच की बोतल में डाल दें। करीब घंटे तक इसे सेट होने के लिए रखें और फिर इस्तेमाल करें।

**वैनिला बीन परफ्यूम बनाने का तरीका**

सबसे पहले वैनिला बीन पाउडर को उसे एक बोतल में भरकर रख दें। अब इसमें सूरजमुखी का तेल डाल दें और बोतल को बंद करके दो हफ्ते तक ठंडी और अंधेरे वाली जगह पर रखें। इसके बाद एक कांच की स्प्रे बोतल में बरगामोट, सेडरवुड अयल और सौंफ का एसेंशियल अयल डालें। अब वैनिला बीन वाले मिश्रण को स्प्रे बोतल में डालकर अच्टे से मिला लें। यह परफ्यूम इस्तेमाल करने के लिए तैयार है।

**नारियल के तेल की मदद से बनाएं परफ्यूम**

इस परफ्यूम को बनाने के लिए सबसे पहले एक कांच के जार में नारियल का तेल और मोम डालें। अब एक पैन में थोड़ा सा पानी उबालें और फिर इस पर जार को रख दें।

जब मोम अच्टे से पिघल जाए तो इसे गैस से उतारकर मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद इसमें अपना मनपसंदीदा एसेंशियल अयल डालकर अच्टे से मिला लें। अब यह तैयार है, इसे एक परफ्यूम बोतल में भरकर इस्तेमाल करें।

**गुलाब का परफ्यूम**

इसे बनाने के लिए सबसे पहले गुलाब की पंखुडियों को कांच के जार पर रखकर उसमें वोडका डालें। अब एक दिन के लिए इस जार को ढककर रखें। इसके बाद पंखुडियों को चम्मच की मदद से कुचल दें और फिर इसमें उबला हुआ पानी और एसेंशियल अयल डालें। अब दोबारा इसे ढककर हफ्ते के लिए छोड़ दें। इसके बाद इसे स्प्रे की बोतल में छान लें और फिर इस्तेमाल करें।

# केजरीवाल खुद क्यों नहीं संभालते मंत्रालय?

दिल्ली सरकार के दो मंत्रियों का इस्तीफा हो गया है। एक मंत्री तो नौ महीने से जेल में थे और बिना विभाग के मंत्री थे। उनसे इस्तीफा लेने की जरूरत नहीं समझी गई थी। उनके जेल जाने के बाद उनके सारे विभाग मनीष सिसोदिया को सौंप दिए गए थे। अब सिसोदिया ने भी इस्तीफा दे दिया है तो उनके पास जितने विभाग थे वो दो मंत्रियों- कैलाश गहलोत और राजकुमार आनंद के बीच बांटा गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पास खुद कोई विभाग नहीं है और जब संकट की स्थिति में दो मंत्रियों ने इस्तीफा दिया तब भी उनके विभाग अपने पास लेकर काम करने की बजाय मुख्यमंत्री ने दो मंत्रियों को अतिरिक्तप्रभार दे दिया।

सवाल है कि केजरीवाल अपने पास कोई मंत्रालय क्यों नहीं रखना चाहते हैं? सोचें, दिल्ली सरकार में मुख्यमंत्री सहित कुल सात ही मंत्री हो सकते हैं। इसलिए यह ज्यादा जरूरी होता है कि सरकार के प्रभावी संचालन के लिए कामकाज का संतुलित बंटवारा हो। लेकिन दिल्ली सरकार में जितना असंतुलित बंटवारा था वैसा कहीं देखने को नहीं मिलता है। मुख्यमंत्री ने खुद अपने पास कोई विभाग नहीं रखा था तो सिसोदिया के पास दिल्ली सरकार के में से मंत्रालयों की जिम्मेदारी थी।

इनमें से कुछ विभाग मुख्यमंत्री अपने पास रख सकते थे लेकिन उन्होंने कोई मंत्रालय अपने पास नहीं रखा। दूसरे राज्यों में मुख्यमंत्री ज्यादा महत्व के और संवेदनशील विभाग अपने पास रखते हैं। पिछले दिनों ही राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपनी सरकार का बजट पेश किया क्योंकि वित्त मंत्रालय उनके पास है। सवाल है कि केजरीवाल की इस जिद का क्या मतलब है? सरकार का कामकाज प्रभावित होने के वास्तविक कारणों के बावजूद उन्होंने कोई मंत्रालय अपने पास नहीं रखा। यहां तक कि सिसोदिया के इस्तीफे के बाद अस्थायी रूप से भी कोई मंत्रालय अपने पास नहीं लिया। अभी बजट सत्र होना है। कायदे से मुख्यमंत्री को बजट पेश करना चाहिए लेकिन वह काम भी दूसरे मंत्री करेंगे।

कहीं ऐसा तो नहीं है कि जिस कारण से सत्येंद्र जैन जेल गए हैं या मनीष सिसोदिया जेल भेजे गए हैं, उससे बचने के लिए केजरीवाल ने अपने पास कोई मंत्रालय नहीं रखा है? वे भारत सरकार के अधिकारी रहे हैं और उसमें भी आयकर विभाग के।

उनको किसी कागज पर दस्तखत करने या किसी कंपनी का निदेशक होने का मतलब पता है। वे जानते हैं कि गड़बड़ी होने की स्थिति में पकड़ा वही जाएगा, जो दस्तखत करेगा। संभवतरू इसलिए वे किसी मंत्रालय का काम अपने पास नहीं रखते हैं। फिर सवाल यह है कि जब वे कट्टर ईमानदार लोगों की सरकार चला रहे हैं तब अपने पास मंत्रालय रखने और फाइल्स पर दस्तखत करने में क्या दिक्कत है? जब सारे काम जनता के हित में हो रहे हैं और एक एक पाई का हिसाब सही है तो उनको मंत्रालय अपने पास रखने और उनका बेहतर संचालन करने से नहीं डरना चाहिए। अगर मंत्री बनने में खतरा है, केंद्र सरकार का डर है तब भी दूसरे नेताओं को बलि का बकरा बनाने से पहले उनको खुद आगे आना

# जल संकट : जन-भागीदारी से निकलेगा हल

**मनोज दुबे**

गर्मी का पारा चढने के साथ पानी को लेकर संकट की स्थिति फिर से हर तरफ बढ़ती दिख रही है। वैसे भी लचर जल प्रबंधन और जल संचयन के प्रति उदासीनता के कारण विश्व के कई देश आज जल संकट का सामना कर रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाले समय में यह समस्या और गहरा सकती है। बात भारत की करें तो दुनिया में पीने योग्य जितना पानी है, उसका चार फीसद पानी भारत में है।

सरकारी आंकड़े बताते हैं कि वष्रा जल संरक्षण के लिए सरकारों द्वारा तमाम उपाय करने बावजूद हम बारिश के पानी से मात्र मिलियन क्यूबिक मीटर ही रोक पा रहे हैं, जबकि वर्तमान में देश में - मिलियन क्यूबिक मीटर पानी की आवश्यकता है। साल पहले हमारे देश में प्रत्येक व्यक्ति के लिए पांच हजार क्यूबिक मीटर पानी उपयोग के लिए उपलब्ध रहता था, लेकिन आज घटकर यह क्यूबिक मीटर रह गया है। यानी दुनिया में जिस देश में जल को जगदीश मानने की परंपरा थी, दुर्भाग्य से आज उस देश में ही सबसे ज्यादा कंटेंमिनेटेडेड वाटर रिसोर्सेस हैं। हमें समझना होगा कि प्रति हमें एक चक्र के रूप में जल प्रदान करती है।

हम इस चक्र का एक महवपूर्ण हिस्सा हैं और इस चक्र के थमने का अर्थ है, हमारे जीवन का थम जाना। प्रति के खजाने से हम जितना पानी लेते हैं, उसे वापस भी हमें ही लौटाना है। भूमिगत जल स्तर का लगातार नीचे खिसकते जाना भविष्य के लिए खतरे की घंटी है। इसलिए जरूरी है कि लोग प्रातिक जल संसाधनों को दूषित न होने दें और पानी को व्यर्थ न गवाएं। सरकारों के साथ-साथ समाज को भी जल संकट के प्रति गंभीर होना होगा। अच्छी



बात यह है कि केंद्र सरकार इस बात को गंभीरता से समझ रही है कि लोगों में जल एवं प्रति के संरक्षण के प्रति सामूहिक चेतना का निर्माण करके ही जल संरक्षण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

आने वाली पीढ़ी को उसकी जरूरत के हिसाब से पानी मिल सके इसके लिए बेहद जरूरी है कि जल संरक्षण से जुड़े अभियानों में जनता को, सामाजिक संगठनों को और सिविल सोसाइटी को ज्यादा से ज्यादा जोड़ा जाए। स्वच्छ भारत अभियान इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। स्वच्छ भारत अभियान में जब लोग जुड़े, तो उनके भीतर एक नई चेतना का संचार हुआ। अब केंद्र के साथ ही सभी राज्य सरकारों को जन-भागीदारी की यही सोच जल संरक्षण के लिए भी जनता के मन में जगानी होगी। जल संरक्षण के लिए आज देश के प्रत्येक जिले में अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। विश्व में यह अपनी तरह का अनोखा अभियान है और अच्छी बात यह है कि इसमें जन-भागीदारी जुड़ी है। आने वाले समय में पेयजल की समस्या विकराल रूप धारण करे इससे पहले पलिसी लेवल पर भी पानी से जुड़ी परेशानियों के समाधान के लिए सरकारी नीतियों और ब्यूरोक्रेटिक प्रक्रियाओं से देश को बाहर आना होगा। जल संरक्षण के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई च्अटल भूजल संरक्षण योजनाज् एक संवेदनशील अभियान है और इसे उतनी ही संवेदनशीलता से आगे बढ़ाने की जरूरत है। भूजल प्रबंधन के लिए बनाए गए प्राधिकरण सख्ती से इस दिशा में काम करें, ये भी सुनिश्चित करना होगा। इसके साथ ही अगर जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटना है तो भूजल रिचार्ज के लिए सभी जिलों में बड़े पैमाने पर वाटर-शेड का निर्माण करने के बारे में राज्य सरकारों को विचार करना होगा।

इसके अलावा पहाड़ी क्षेत्रों में स्प्रिंग शेड को पुनर्जीवित करने का जो कार्यक्रम शुरू किया गया है उस पर तेजी से काम करना होगा। जल संरक्षण के लिए वन क्षेत्रों को बढ़ाना सबसे ज्यादा जरूरी है। हाल के वर्षो में हमने देखा है कि च्कैच द रेनज् अभियान ने लोगों के बीच एक आकषर्ण तो पैदा किया है, लेकिन सफलता के लिए अभी बहुत कुछ करना जरूरी है। इसमें दो राय नहीं कि बीते कुछ दशकों में जल संरक्षण की दिशा में ऐसी गंभीरता नहीं दिखाई गई जैसी वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा दिखाई जा रही है। इसका सबसे अच्छा पहलू यह है कि अब इस दिशा में ऐसी योजनाएं तैयार हो रही हैं, जिनसे आमजन को जोड़ा जा रहा है।इस बार के केंद्रीय बजट में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लिए करोड़ रुपये और जल जीवन मिशन के लिए , करोड़ का बजट आवंटित है। वहीं, देश की नदियों को जोडने के लिए , करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में है। साथ ही अटल भूजल योजना के लिए करोड़, नेशनल हाइड्रोलजी प्रोजेक्ट के लिए करोड़, प्रधानमंत्री षि सिंचाई योजना के लिए करोड़ आवंटित किए गए हैं। जल से जुड़े इन क्षेत्रों में मोदी सरकार द्वारा जारी भारी-भरकम राशि जल संकट से निपटने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, लेकिन लोगों को भी इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। जल की सुरक्षा किसी सरकार या संगठन का ही नहीं, बल्कि देश की करोड़ लोगों का सबसे बड़ा दायित्व होना चाहिए।

# इन हील्स को पहनने के बाद नहीं रह पाएंगी इठलाए बिना

आप एक ड्रेस, जंपसूट या टू-पीस पहनेंगी या आपकी ब्राइड्समेड्स क्या पहनेंगी और आप रिसेप्शन में कौन सा ककटेल सर्व करेंगी, शादी से संबंधित बहुत सारे निर्णय हैं, लेकिन सबसे अच्टे में से एक, हम तर्क देंगे, आपके शादी के जूते चुन रहा है। आपके लुक के सहायक के रूप में, यह एक ऐसा निर्णय है जो दूसरों की तुलना में बहुत कम दबाव वाला है और जिसके साथ आप वास्तविक आनंद ले सकते हैं।

हाल के वर्षों में, शादी की पोशाक के प्रति दृष्टिकोण में आराम आया है और वे दिन गए जब सभी दुल्हन के जूते एक जैसे दिखते थे। आधुनिक दुल्हनें फ्लैट पंप्स से लेकर हील खच्चरों और ऊंचे स्ट्रैपी स्टिलेटोस तक जो चाहें पहन सकती हैं और चुनने के लिए बहुत सारे अलग-अलग रंग और कपड़े हैं।अपने आदर्श ब्राइडल जूतों का चयन करते समय, तय करें कि आप वास्तव में क्या दिखाना चाहते हैं। यदि आप एक मिनिमलिस्ट सिल्क स्लिप ड्रेस में हैं, तो शो-स्टपिंग, एम्बेलिश्ड हील्स की एक जोड़ी के लिए अंतिम लुक डायल कर सकते हैं, लेकिन यदि आपका पहनावा पहले से ही वल्यूम बोलता है, तो आप सिंपल, पारेड की जोड़ी के लिए सबसे अच्छा विकल्प हो सकते हैं- वापस साटन जूते। आपका वाइब जो भी हो, इस सीजन में हर दुल्हन के लिए कुछ न कुछ है।

हील्स महिलाओं की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं और अगर आप उनमें आराम से चल फिर सकती हैं तो आपको अपनी आलमारी में हील्स की कुछ जोड़ी जरूर रखनी चाहिए। हालांकि हील्स में भी कई वैरायटी आती हैं और सभी को खघस मकसद के साथ तैयार किया जाता है, ताकि आप अपनी पसंद और सुविधा के अनुसार चुनाव कर सकें।**पम्प्स**आमतौर पर स्टिल्टोज की तुलना में पम्प्स कम ऊंचे होते हैं। पम्प्स की ऊंचाई सधी होती है, जिसकी वजह से चलने में आसानी रहती है। आप अपनी पसंद के अनुसार पैरों को पूरी तरह से कवर करने वाले या सामने की ओर से थोड़ा-सा खुला रहने वाले पम्प्स का चुनाव कर सकती हैं। अगर पम्प्स की पहली जोड़ी खरीदने वाली हैं तो ब्लैक या न्यूड कलर को प्राथमिकता दें।

**ब्लक हील्स**जब आप ऐसे हील्स के बारे में सोचती हैं, जिनमें चलना-फिरना बहुत आरामदायक लगे, तो जेहन में ब्लक हील्स की ही तस्वीर आती है। ये स्टिल्टोज और पम्प्स की तुलना में अधिक चौड़े होते हैं और आपके पश्चर को अधिक स्थिर रखने का काम करते हैं। आप चाहे स्लेन्डर बेस या फुल वेज या फिर म्यूल्स का चुनाव करें पर अपने लिए कम से कम एक पेयर जरूर रखें, जो ट्रेंडिंग हों और हर अवसर पर एकदम परफेक्ट नजर आएं।

**प्लैटफर्म हील्स**हालांकि आप इन्हें रोजाना नहीं पहन सकती हैं, लेकिन प्लैटफर्म हील्स बहुत ही आरामदायक होती हैं। ये उन दिनों के लिए बहुत ही बढिया विकल्प हैं, जब आपको बहुत ज्यादा चलना रहता है। इनकी हील्स एक समान होती है और इस वजह से आपके पैर संतुलित रहते हैं।

**स्टिल्टोज**

ऊंचे और संकरे स्टिल्टोज पैरों को लंबा और पतला दिखाते हैं। स्टिलटोज पीटे से आगे की तरफ पतले होते

## एमएस धोनी, आलिया भट्ट समेत कई बड़ी हस्तियों के नाम पर इस तरह दिया ठगी को अंजाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। बलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी सहित 95 प्रमुख हस्तियों के पैन कार्ड विवरण हासिल करने और उनके नाम पर क्रेडिट कार्ड जारी कराने के आरोप में पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, कार्ड पुणे स्थित फिनटेक स्टार्टअप श्वन कार्ड से जारी किए गए थे। आरोपियों ने डिटेल का इस्तेमाल कर बैंकों से 50 लाख रुपये से अधिक की ठगी की।

जालसाजों द्वारा जिन अन्य हस्तियों के नाम और विवरण का उपयोग किया गया, उनमें शिल्पा शेट्टी, माधुरी दीक्षित, इमरान हाशमी, सैफ अली खान, सचिन तेंदुलकर, आलिया भट्ट, सोनम कपूर, ।तिक रोशन आदि शामिल थे। आरोपियों की पहचान पुनीत, मोहम्मद आसिफ, सुनील कुमार, पंकज मिश्र और विश्व भास्कर शर्मा के रूप में हुई है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त (पूर्वी रेंज), छाया शर्मा ने कहा कि आरोपियों ने बैंकों से 50 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के लिए 95 मशहूर हस्तियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों की सरकारी आईडी बनाई। शीर्ष अधिकारी ने कहा, खामी दस्तावेजीकरण और बैकएंड सत्यापन में है, जिसे अपग्रेड करने की आवश्यकता है। सभी आरोपियों को आईटी का अच्छा ज्ञान है।

पूछताछ में पता चला कि ये इन सेलेब्रिटीज की जीएसटी डिटेल्स गूगल से हासिल किए। वे बहुत अच्छी तरह से जानते हैं कि जीएसटीआईएन के पहले दो अंक राज्य कोड हैं और अगले 10 अंक पैन नंबर हैं। चूंकि मशहूर हस्तियों की जन्म तिथि गूगल पर उपलब्ध है, ये वहां से डिटेल ले लेते हैं।

उन्होंने धोखे से अपनी खुद की तस्वीरें लगाकर पैन कार्ड को फिर से बनवाया ताकि वीडियो सत्यापन के दौरान, उनका लुक उनके पैनध्आधार कार्ड पर उपलब्ध फोटो से मेल खा सके। अधिकारी ने कहा, आरोपी क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करते थे और वीडियो सत्यापन के दौरान उनसे उनकी वित्तीय गतिविधियों से संबंधित सवाल पूटे जाते थे, जिसका उन्होंने आसानी से जवाब दिया क्योंकि उन्हें सिबिल से ऐसे सभी विवरण मिले थे।

## सोनिया गांधी की सेहत बिगड़ी, दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में कराया गया भर्ती

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ गई है और उन्हें दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार उन्हें बुखार आने के बाद आज अस्पताल में भर्ती कराया गया उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। अस्पताल में उन्हें डक्टरों की निगरानी में रखा गया है।

सर गंगाराम हस्पिटल ट्रस्ट सोसाइटी के चेयरमैन डक्टर डीएस राणा ने बताया कि सोनिया गांधी को 2 मार्च 2023 को चेस्ट मेडिसिन डिपार्टमेंट के सीनियर कंसल्टेंट डक्टर अरूप बसु की निगरानी में सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## फिलिस्तीन ने की वेस्ट बैंक में इजरायली पीएम की यात्रा की निंदा

रामल्ला ,। फिलिस्तीन ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के उत्तरी वेस्ट बैंक शहर नब्लस के पास हर ब्राखा की इजरायली बस्ती की यात्रा की निंदा की है। फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस बयान में कहा कि वेस्ट बैंक में नेतन्याहू की भड़काऊयात्रा और उनके द्वारा किए गए शत्रुतापूर्ण बयानों और रुख को अस्वीकार और निंदा की जाती है नेतन्याहू के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि वह और उनकी पत्नी सारा रविवार को नब्लस के दक्षिण में हवारा शहर में फिलिस्तीनियों द्वारा किए गए एक गोलीबारी में मारे गए दो इजरायलियों के परिवार को सांत्वना देने के लिए बस्ती पहुंचे।

# मोदी कप्तान हों तो सुबह छह बजे नेट प्रैक्टिस शुरू होती है और वे विकेट चाहते हैं: जयशंकर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर शुक्रवार को रायसीना डायलग में संबोधित कर रहे थे। चर्चा के दौरान मंच पर उनके साथ इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन भी मौजूद थे। इस दौरान क्रिकेट का जिक्र हुआ। उनसे यह पूछा गया कि जब प्रधानमंत्री मोदी आपके कप्तान हों तो क्या आप आक्रामक खेल दिखाते हैं या बाउंड्री रोकते हैं? इस पर जयशंकर ने दिलचस्प तरीके से जवाब दिया।

जयशंकर ने कहा,मोदी कप्तान हों तो बहुत सारी नेट प्रैक्टिस की जरूरत होती है। नेट प्रैक्टिस सुबह छह बजे शुरू होती है और फिर काफी देर तक चलती है। मुझे यकीन है कि केविन पीटरसन मेरी बात से सहमत होंगे कि अगर आपके पास कोई ऐसा गेंदबाज है, जिस पर आपको भरोसा है और जिसका प्रदर्शन आपने देखा है तो आप उसे स्वतंत्रता देते हैं।

विदेश मंत्री ने आगे कहा, आप उसे सही क्षण पर गेंदबाजी का मौका देते हैं और आप उस पर यह भरोसा करते हैं कि वह किसी विशेष परिस्थिति का सामना कर लेगा। इस परिप्रेक्ष्य में कैप्टन मोदी अपने गेंदबाजों को स्वतंत्रता देते हैं और फिर यह उम्मीद करते हैं कि आप विकेट लें।

उन्होंने कोरोना का जिक्र करते हुए कहा, .लेकिन कुछ मुश्किल फैसले भी होते हैं। जैसे लकडाउन का फैसला बहुत कठिन निर्णय था, लेकिन वह निर्णय तब जरूरी था। आज हम पीछे देखते हैं तो यह सोचते हैं कि अगर हमने वह फैसला नहीं लिया होता तो क्या होता?

विदेश मंत्री डा जयशंकर ने विदेश नीति में बढ़ती दिलचस्पी को लेकर कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि दुनिया एक कठिन जगह पर है, ज्यादा लोग दुनिया में रुचि ले रहे हैं। दूसरी वजह भारत का वैश्वीकरण है। एक क्रिकेट टीम की तरह हम सिर्फ घरेलू मैदान पर ही नहीं बल्कि विदेश में भी मैच जीतना चाहते हैं।

## पुलिस ने अतीक अहमद के बेटों को हिरासत में लेने से किया इनकार

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड में जेल में बंद गैंगस्टर अतीक अहमद के दो बेटों को हिरासत में लेने से इनकार किया है। अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन ने आरोप लगाया था कि उनके बेटों को पुलिस ने 24 फरवरी को उनके आवास से उठा लिया था और तब से उनका कोई पता नहीं है। शाइस्ता ने कहा कि धूमनगंज थाने में पुलिस द्वारा उसके बेटों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी जा रही।इसलिए, उसने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) से पुलिस से रिपोर्ट मांगने का अनुरोध किया।धूमनगंज पुलिस ने प्रयागराज के सीजेएम दिनेश कुमार गौतम की कोर्ट में रिपोर्ट पेश की। इसके मुताबिकऐजान अहमद और अबान अहमद (अतीक के दो बेटे) के नाम वाला कोई भी व्यक्ति पुलिस हिरासत में नहीं है। न तो ऐसे नाम वाले व्यक्ति पुलिस की

# सुप्रीम कोर्ट का हिजाब मामले पर तुरंत सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली , (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कर्नाटक के प्री-यूनिवर्सिटी कलेजों में छात्राओ को हिजाब पहनकर वार्षिक परीक्षा में शामिल होने की अनुमति देने वाली याचिका को तुरंत सूचीबद्ध करने की याचिका खारिज कर दी। एक महिला वकील ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीव़ाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। वकील ने कहा कि पांच दिन बाद परीक्षा है, इसलिए याचिका को सूचीबद्ध किया जाए।

बेंच ने वकील से कहा, आप आखिरी तारीख को आइए, हम क्या कर सकते हैं? प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि होली के अवकाश के बाद मामले की सुनवाई के लिए नई पीठ गठित की जाएगी।

22 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट कर्नाटक के प्री-यूनिवर्सिटी कलेजों में अपने हिजाब पहनकर वार्षिक परीक्षाओं में उपस्थित होने की अनुमति मांगने वाली याचिका पर विचार करने के लिए सहमत हो गया था।

छात्रों की ओर से पेश अधिवक्ता शादान फरासत ने प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ को बताया कि उन्हें सरकारी कलेजों में 9 मार्च से शुरू होने वाली वार्षिक परीक्षाओं में शामिल होना है।

शीर्ष अदालत ने वकील से पूछा, उन्हें परीक्षा देने से क्यों रोका जा रहा है? वकील ने बताया कि हिजाब पहनने के कारण। उन्होंने कहा कि छात्राओं को एक वर्ष का नुकसान पहले ही चुका है और यदि कोई राहत नहीं दी गई, तो उन्हें एक और वर्ष का नुकसान हो जाएगा।

23 जनवरी को, सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक में पूर्व विश्वविद्यालय कलेजों की कक्ष-ाओं में हिजाब पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विचार करने के लिए तीन-न्यायाधीशों की पीठ गठित करने की याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की।सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल अक्टूबर में कर्नाटक में प्री-यूनिवर्सिटी कलेजों की कक्षाओं में कुछ मुस्लिम छात्राओं द्वारा पहने जाने वाले हिजाब पर प्रतिबंध की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर खंडित फैसला दिया था। खंडित फैसला जस्टिस हेमंत गुप्ता और सुधांशु धूलिया की खंडपीठ ने दिया।न्यायमूर्ति गुप्ता, जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं, ने कर्नाटक सरकार के सकरुलर को बरकरार रखा और कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ अपीलों को खारिज कर दिया।

## भारत में अमेरिकी राजदूत न होना शर्मनाक, यूएस सांसद ने अपनी ही सरकार पर उठाए सवाल

**वशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के शीर्ष सांसद मार्क वर्नर ने भारत में राजदूत नहीं होने का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि श्यह शर्मिंदा करने वाला है। खास बात है कि भारत में दो साल से अमेरिकी राजदूत नहीं है। साल 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एरिक गार्सेटी को नामित किया था, लेकिन डेमोक्रेटिक पार्टी के पास पर्याप्त वोट नहीं होने के चलते इस प्रस्ताव को सीनेट में पेश नहीं किया जा सका।

वर्नर ने कहा, श्यह शर्मिंद्गी की बात है कि हम कहते हैं कि भारत-अमेरिका संबंध दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण रिश्तों में से एक है और फिर भी हमने भारत में अपना राजदूत नियुक्त नहीं किया है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया है कि अगर मौजूदा उम्मीदवार पर्याप्त समर्थन हासिल नहीं कर पाते हैं, तो उनके जितना ही योग्य उम्मीदवार तलाशा जा सकता है।

वर्नर पिछले सप्ताह भारत आए अमेरिकी संसद के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि भारतीयों ने भी इस अहम समय में देश में अमेरिकी राजदूत की अनुपस्थिति का मुद्दा उठाया।

शीर्ष डेमोक्रेटिक सांसद ने कहा कि हमारे भारतीय मित्रों ने एक और बात कही कि आप (भारत के साथ मजबूत संबंधों के बारे में) इतनी बातें करते हैं, लेकिन (भारत में) आपका राजदूत ही नहीं है। अब यह मुद्दा (गार्सेटी के नामंकन की पुष्टि) घरेलू राजनीति में फंस गया है, लेकिन मुझे लगता है कि हम सभी यह चाहते हैं कि राष्ट्रपति द्वारा नामित गार्सेटी की नियुक्ति की पुष्टि के लिए मतदान की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि अगर उनके नाम की पुष्टि होती है तो अच्छा है। अगर ऐसा नहीं हो पाता, तो हमें तत्काल उतने ही योग्य और सक्षम दावेदार को तलाशना होगा। हम भारत में सीनेट द्वारा पुष्ट एक राजदूत के बिना इस संबंध को बरकरार नहीं रख सकते।

# पहले कोसा फिर कर गए पीएम मोदी की तारीफ



राहुल ने सरकार की इन नीतियों को बताया देश के लिए बेहतर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में दिए गए बयान को लेकर राजनीति गरम है। भाजपा राहुल गांधी को विदेश में दिए गए बयानों को लेकर घेर रही है। लेकिन इस बार राहुल गांधी ने पीएम मोदी को कोसने के साथ उनकी दो नीतियों की तरीफ भी की। उन्होंने छात्रों से कहा कि भारत सरकार महिलाओं के लिए उज्ज्वला स्कीम लेकर आई साथ ही उनका लोगों के बैंक अकाउंट खुलवाना एक अच्छा कदम है।

कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में छात्रों से संवाद के दौरान राहुल गांधी से सवाल किया गया कि क्या नरेंद्र मोदी सरकार की उन नीतियों के बारे में बता सकते हैं जो भारत के हित में हैं? इस सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि महिलाओं को गैस सिलिंडर देना और लोगों के बैंक अकाउंट खुलवाना अच्छा कदम है। हालांकि उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह अपने विचार लोगों पर थोप रहे हैं जो स्वीकार्य नहीं है।

राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज में बिजनेस स्कूल के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, श्भारत में मीडिया और न्यायपालिका नियंत्रण में है। मेरे फोन में पेगासस सफ्टवेयर था, जिसके जरिए मेरी जासूसी होती थी। खुफिया अधिकारियों ने मुझे बताया कि आपका फोन रिकर्ड हो रहा है। विपक्ष के कई नेताओं पर झूठे केस किए गए। मेरे ऊपर कई आपराधिक मामले दर्ज कराए गए हैं। ऐसे मामलों में केस दर्ज हुए, जो बनता ही नहीं था। जिनका कोई मतलब भी नहीं बनता था। हम अपना बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं।

राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज में अपने संबोधन के दौरान भारत जोड़ो यात्रा को लेकर भी कई बातें कहीं।

कश्मीर का जिक्र करते हुए राहुल ने कहा, कश्मीर में कई सालों से हिंसाग्रस्त है। सुरक्षा अधिकारियों ने सुरक्षा को लेकर आगाह किया लेकिन जब हम आगे बढ़े तो हजारों लोग तिरंगा लेकर आगे आए। एक व्यक्ति करीब आया उसने कुछ लड़कों की तरफ दिखा कर बताया कि वो उग्रवादी हैं। उन लड़कों ने मुझे घूर कर देखा लेकिन कुछ कर नहीं पाए। राहुल गांधी ने कहा कि यह लोगों की बात सुनने और अहिंसा की ताकत है।

## कीवी वैक्स प्री-क्लिनिकल टेस्ट में पूर्णत सुरक्षित

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि न्यूजीलैंड निर्मित कोविड-19 वैक्सीन श्कीवी वैक्स को प्री-क्लिनिकल परीक्षण में पूर्णतरू सुरक्षित माना गया है। वैक्सीन एलायंस एओटियरोआ न्यूजीलैंड (वीएएनजेड) की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक अध्ययन से पता चला है कि इसका अनूठा सूत्रीकरण कोविड-2 के उपचार में सुरक्षित और अत्यधिक प्रभावी प्रतिरक्षा प्रदान करता है।आईसाइंस में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि श्कीवी वैक्स को सरकार की कोविड-19 वैक्सीन पहल के तहत वीएएनजेड द्वारा विकसित किया गया है।अमेरिका में राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान और मेलबर्न विश्वविद्यालय में टीके का स्वतंत्र रूप से परीक्षण किया गया है। मलाघन इंस्टीट्यूट अफ मेडिकल रिसर्च, वीएएनजेड के कार्यकारी निदेशक केजेस्टन वाइग ने कहा, आने वाले कई वर्षों तक कोविड हमारे साथ रहेगा। इसलिए सुरक्षित और प्रभावी बूस्टर विकल्प होने से, विशेष रूप से कमजोर आबादी के लिए अधिक लोगों को वायरस से सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। श्री वाईग ने कहा कि कीवी वैक्स एक प्रोटीन-आधारित टीका है जो वायरस के विशिष्ट स्पाइक्स से अनुवांशिक जानकारी का उपयोग करके कई पारंपरिक टीकों के समान काम करता है।वीएएनजेड की टीका मूल्यांकन टीम के प्रमुख लिसा कनर ने कहा कि इसे वायरस के लिए विशिष्ट रूप से डिजाइन किया गया है। यह ओमीक्रन समेत सभी स्वरूपों के लिए एक व्यापक एंटीबडी और टी-सेल प्रतिक्रिया प्रदान करता है। जिससे बीमारी के खिलाफ पूर्ण सुरक्षा मिलती है और उसकी रोकथाम होती है। कनर ने कहा कि टीके द्वारा उत्पन्न प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया भी बहुत टिकाऊ और लंबे समय तक चलने वाली होती है और अब तक के परिणामों से संकेत मिलता है कि कीवी वैक्स रेफ्रिजरेटर के तापमान पर कई महीनों तक और कमरे के तापमान पर कम से कम एक महीने तक स्थिर रहता है।

# विजय माल्या को सुप्रीम कोर्ट से झटका, आर्थिक अपराधी घोषित करने के खिलाफ याचिका खारिज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट से भगोड़े कारोबारी विजय माल्या को आज झटका लगा है। शीर्ष न्यायालय ने माल्या की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें मुंबई की एक अदालत में माल्या को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने और उनकी संपत्तियों को जब्त करने की कार्यवाही को चुनौती दी गई थी।

माल्या का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि उन्हें इस मामले में याचिकाकर्ता से कोई निर्देश नहीं मिल रहा है, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने मुकदमा न चलाने की याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट में कहा कि याचिकाकर्ता कोई निर्देश नहीं दे रहा है। इस बयान के मद्देनजर, जस्टिस अभय एस ओका और राजेश बिंदल की पीठ ने गैर-अभियोजन के चलते याचिका खारिज कर दी।

शीर्ष अदालत ने इससे पहले 7 दिसंबर 2018 को माल्या की उस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया था, जिसमें उसने मुंबई में विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष जांच एजेंसी की याचिका पर कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

बता दें कि 5 जनवरी 2019 को मुंबई की विशेष अदालत ने अधिनियम के तहत माल्या को भगोड़ा घोषित किया था। अधिनियम के प्रावधानों के तहत, एक बार किसी व्यक्ति को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किए जाने के बाद, अभियोजन एजेंसी के पास उसकी संपत्ति को जब्त करने की शक्तियां होती हैं।

माल्या ने बम्बे हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देते हुए 2018 में शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें नए कानून के तहत उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने की ईडी की याचिका पर मुंबई में एक विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष कार्यवाही पर रोक लगाने की उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। माल्या मार्च 2016 में यूनाइटेड किंगडम भाग गया था और उस पर 9,000 करोड़ रुपये के डिफल्ट का मामला दर्ज है।

## कर्नाटक में बीजेपी विधायक के बेटे को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** कर्नाटक की विशेष लोकायुक्त अदालत ने शुक्रवार को भाजपा विधायक के बेटे को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जिसे 40 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। लोकायुक्त सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच पूरी होने के बाद अधिकारी उसकी हिरासत की मांग करेंगे। मामले के चार अन्य आरोपियों को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी भाजपा विधायक मदल विरुपक्षप्पा को भी हिरासत में ले सकते हैं और उनसे पूछताछ कर सकते हैं।

सूत्रों ने पुष्टि की कि लोकायुक्त अधिकारियों को प्रशांत और उनके सहयोगियों के आवासों पर 7.62 करोड़ रुपये मिले हैं। भाजपा विधायक मदल विरुपक्षप्पा के बेटे प्रशांत ने बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसएबी) के मुख्य लेखाकार के रूप में काम किया।

अधिकारियों ने इस सिलसिले में प्रशांत सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। प्रशांत के रिश्तेदार सिद्धेश, मुनीम सुरेंद्र, निकोलस और गंगाधर। लोकायुक्त सूत्रों ने बताया कि निकोलस और गंगाधर 40 लाख रुपये नकद सौंपने आए थे।

## स्टार फुटबालर मेसी को मिली जान से मारने की धमकी, परिवार के स्टोर पर की फायरिंग

**अर्जेंटीना, एजेंसी।** फुटबल स्टार लियोनेल मेसी को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। जिसमें मेसी की जान को खतरा है। उन्हें हाल ही में जान से मारने की धमकी मिली है। जानकारी के अनुसार देर रात 2 मार्च को मेसी के परिवार की दुकान पर कुछ लोगों ने गोली बारी की है। गोली बारी के दौरान हमलावार दुकान के शीशे तोड़ गए है। फायरिंग के बाद हमलावारों ने एक नोट छोड़कर गए है, जिसमें लिखा था कि मेसी हमें तुम्हारा इंतजार है।बता दें कि अर्जेंटीना के रोसारियो में मेसी के परिवार का एक सुपरमार्केट है। इस सुपरमार्केट पर ही दो बंदूकधारियों ने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है।

## स्टेज पर दूल्हे की मौत, डीजे की तेज आवाज से हार्ट अटैक की आशंका

**सीतामढ़ी (एजेंसी)।** बिहार के सीतामढ़ी जिले के सोनबरसा प्रखंड में शादी समारोह में जयमाला स्टेज पर ही दूल्हे की मौत हो गई, इससे शादी की खुशी मातम में बदल गई। दरअसल, यह पूरा मामला सोनबरसा प्रखंड के इंदरवा गांव की है।

यहां बुधवार की रात परिहार प्रखंड के मनिथर गांव से सुरेंद्र कुमार की बारात आई थी।

बारात आने के बाद शादी की रस्म अदायगी चल रही थी। द्वारपूजा सहित अन्य रीति-रिवाज हो गया था, महिलाएं पारंपरिक मंगल गीत गा रही थीं।

इस बीच, जयमाल का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। जयमाल के लिए स्टेज पर दूल्हा और दुल्हन पहुंच गए। जयमाल के बाद अचानक दूल्हा बोहोश होकर स्टेज पर ही गिर पड़ा। दूल्हे को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई। ग्रामीणों के मुताबिक, जयमाल के बाद दोनों पक्षों के लोगों की दूल्हा और दुल्हन के साथ फोट-ोग्राफी भी हो चुकी थी।

ग्रामीण बताते हैं कि दूल्हा सुरेंद्र ने दरवाजा लगने के समय डीजे की आवाज कम करने की बात कही थी, लेकिन उसकी मांग पर ध्यान नहीं दिया गया। इस घटना के दूल्हे और दुल्हन के गांव में मातम पसर गया।

## पिछले साल कार्बन डाईआक्साइड का रिकार्ड उत्सर्जन: आईईए

**पेरिस , एजेंसी।** वैश्विक ऊर्जा से संबंधित कार्बन डाइअक्साइड उत्सर्जन 2022 में 321 मेगाटन (एमटी) बढ़कर 36.8 गीगाटन (जीटी) से अधिक के एक नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। हालांकि यह उत्सर्जन उम्मीद से कम रहा। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने अपनी एक रिपोर्ट में दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में 0.9 प्रतिशत की वृद्धि इसके पहले 2021 में 6 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की तुलना में बहुत धीमी रही। ऊर्जा दहन से उत्सर्जन में 423 मिलियन टन की वृद्धि हुई, जबकि औद्योगिक प्रक्रियाओं से उत्सर्जन में 102 मिलियन टन की कमी आई।

# भारतीय-अमेरिकी बनीं कैलिफोर्निया कम्युनिटी कॉलेजों की चांसलर

**न्यूयार्क ,एजेंसी।** भारतीय-अमेरिकी सोन्या क्रिश्चियन को कैलिफोर्निया कम्युनिटी कलेज सिस्टम का 11वां स्थायी चांसलर नियुक्त किया गया है, जो अमेरिका में सार्वजनिक उच्च शिक्षा की सबसे बड़ी और सबसे विविध प्रणाली है। उनकी नियुक्ति के साथ, केरल विश्वविद्यालय से स्नातक, सोन्या कलेज प्रणाली का नेतृत्व करने वाली पहली महिला और दक्षिण एशियाई मूल की पहली शख्स बन गई हैं।कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजोम ने एक बयान में कहा, ड.क्रिश्चियन हमारे देश के सबसे गतिशील कलेज नेताओं में से एक हैं, जिन्होंने सेंट्रल वैली में सहयोग और परिणामों का प्रदर्शन किया है।

वह समझती हैं कि हमारे छात्रों में वास्तविक सुधार करने के लिए उच्च शिक्षा में क्या आवश्यक है। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए ड.क्रिश्चियन के साथ साझेदारी जारी रखने की आशा करता हूं कि हमारे सामुदायिक कलेज समानता और अवसर के इंजन बने रहेंगे।

केर्न कम्युनिटी कलेज डिस्ट्रिक्ट की चांसलर क्रिश्चियन, 1 जून, 2023 को अपनी नई भूमिका में कदम रखेंगी। वह चांसलर एलय अर्टिज ओकले की जगह लेंगी, जिन्होंने लगभग छह वर्षों तक कम्युनिटी कलेज सिस्टम का नेतृत्व करने के बाद अगस्त में पद छोड़ दिया था।सान्य ने कहा, मैं देश में उच्च शिक्षा की सबसे महत्वपूर्ण प्रणाली का नेतृत्व करने के लिए चुने जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और उनके विश्वास के लिए बोर्ड अफ गवर्नर्स का आभारी हूं।उन्होंने कहा, हम कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, लेकिन मुझे विश्वास है कि हमारी सबसे बड़ी चुनौती हमें अपना सबसे बड़ा काम करने में सक्षम बनाती हैं। हम एक साझा दृष्टिकोण के साथ काम करेंगे, जो छात्रों को पहले रखता है।

जुलाई 2021 में, क्रिश्चियन को केर्न कम्युनिटी कलेज डिस्ट्रिक्ट का छठा चांसलर नामित किया गया, जहां उन्होंने छात्रों की सफलता को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।उन्होंने 2015 में एक राज्यव्यापी गठबंधन का भी नेतृत्व किया, जिसके कारण कैलिफोर्निया में 20-कलेज गाइडेड पाथवे प्रदर्शन परियोजना के लिए परोपकारी फंडिंग हासिल हुई, इसके कारण गाइडेड पाथवे में 150 मिलियन डलर का राज्य निवेश हुआ और पूरे कलेज सिस्टम में फ्रेमवर्क को व्यापक रूप से अपनाया गया।

# दक्षिण अफ्रीका के क्रेग फुल्टन भारतीय पुरूष हॉकी टीम के नये कोच



नयी दिल्ली, तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन बेल्जियम के सहायक कोच रहे दक्षिण अफ्रीका के क्रेग फुल्टन भारतीय पुरूष हॉकी टीम के नये कोच होंगे ।

भुवनेश्वर और राउरकेला में जनवरी में हुए विश्व कप में भारतीय टीम के क्वार्टर फाइनल तक भी नहीं पहुंच पाने के बाद तत्कालीन कोच ग्राहम रीड ने इस्तीफा दे दिया था । रीड के कोच रहते ही भारत ने तोक्यो ओलंपिक में 41 वर्ष बाद कांस्य पदक जीता था ।

हॉकी इंडिया ने 10 मार्च से एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू मैचों से पहले शुक्रवार को यह घोषणा की । दक्षिण अफ्रीका के 48 वर्ष के फुल्टन को करीब 25 साल कोचिंग का अनुभव है और वह औपचारिकतायें पूरी करते ही टीम से जुड़ेंगे ।

48 वर्ष के फुल्टन तोक्यो ओलंपिक 2020 में खिताब जीतने वाली बेल्जियम टीम के सहायक कोच रहे हैं । वह भुवनेश्वर में 2018 विश्व कप जीतने वाली बेल्जियम टीम के सहयोगी स्टाफ का भी हिस्सा थे । वह 2014 से 2018 के बीच आयरलैंड की पुरूष टीम के मुख्य कोच रहे जब टीम ने रियो ओलंपिक 2016 के लिये क्वालीफाई किया था । ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने वाली सौ वर्ष में वह पहली आयरिश टीम थी जिसके कारण उन्हें 2015 में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ एफआईएच कोच भी चुना गया ।

फुल्टन 2023 में बेल्जियम के सर्वश्रेष्ठ कोच चुने गए क्योंकि उनके कोच रहते बेल्जियम क्लब ने बेल्जियम लीग खिताब जीता ।

बतौर खिलाड़ी उन्होंने एक दशक के सफर में दक्षिण अफ्रीका के लिये 195 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले । उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिये अटलांटा ओलंपिक 1996 और एथेंस ओलंपिक 2004 के अलावा विश्व कप और राष्ट्रमंडल खेलों में भी हिस्सा लिया ।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने यहां जारी एक बयान में फुल्टन की नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा , मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरूष टीम के लिये क्रेग फुल्टन को मुख्य कोच चुना है । मैं उनके खिलाफ खेल चुका हूं और अब भारतीय टीम के नये दौर में उनके साथ काम करूंगा ।

उन्होंने कहा, उनके पास अपार अनुभव है और उनकी कार्यशैली टीमों में आत्मविश्वास बढाती है । मैं भारत में उनका स्वागत करता हूं । वहीं फुल्टन ने कहा , भारतीय हॉकी टीम का मुख्य कोच बनना सम्मान की बात है । भारत का हॉकी में सुनहरा इतिहास रहा है और मैं मौजूदा टीम को नयी ऊंचाइयों तक ले जाना चाहता हूं जिसमें कई प्रतिभावान खिलाड़ी हैं ।

## भारत को 9 विकेट से शिकस्त देकर ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

इंदौर, ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर–गावस्कर श्रृंखला के तीसरे टेस्ट मैच में शुक्रवार को यहां तीन दिन के अंदर भारत को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर चार मैचों की सीरीज में वापसी की और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भी अपनी जगह पक्की कर ली।

ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए मिले 76 रने के लक्ष्य को एक विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। इस जीत के बाद भी ऑस्ट्रेलिया श्रृखंला में 1–2 से पीछे है। ट्रेविस हेड (नाबाद 49) और मार्नस लाबुशेन (नाबाद 28) ने पारी की शुरुआती ओवरों में मुश्किल परिस्थितियों का सामना करने के बाद 18.5 ओवरों में ऑस्ट्रेलिया को जीत दिला दी। भारत में जीत मेहमान टीमों के लिए दुर्लभ होती है और ऑस्ट्रेलिया के लिए भी यह अलग नहीं था, जिसने छह साल में भारतीय धरती पर अपनी पहली जीत दर्ज की। भारत के लिए पिछले 10 वर्षों में यह केवल तीसरी हार है। टीम को नौ मार्च से अहमदाबाद में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट से पहले अपनी योजनाओं पर फिर से काम करने की आवश्यकता होगी।

# धोनी ने कहा कि वह मेरी कमेंट्री का लुत्फ उठाते हैं: दिनेश कार्तिक



बेंगलुरु, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के विकेटकीपर–बल्लेबाज ने दिनेश कार्तिक ने कहा कि विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी उनकी कमेंट्री का 'काफी लुत्फ उठाते' है।

भारत–ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला में फिलहाल कामेंट्री कर रहे 37 वर्षीय कार्तिक आगामी आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) में मैदान पर आरसीबी का प्रतिनिधित्व करते हुए दिखेंगे।

कार्तिक ने कहा कि धोनी से मिले तारीफ के एक–एक शब्दों ने उनके लिए कमेंट्री को और खास बना दिया।


कार्तिक ने कहा, मुझे कमेंट्री के जो थोड़े बहुत मौके मिले है मैंने उसका आनंद लिया। मुझे लगता है कि मुझे खेल के बारे में बोलने, विश्लेषण करने में बहुत मजा आ रहा है। मैं इस तरह से वर्णन करना चाहता हूं कि इस खेल को देखने वाले हर व्यक्ति के लिए कुछ सार्थक हो।

उन्होंने कहा, आप जानते हैं, मैंने हमेशा अपने तरीके से एक स्थिति से बाहर निकलने की कोशिश की और इसे उस तरह से स्पष्ट करने की कोशिश की, जिस तरह से मैंने सोचा था।

भारत के लिए खेल के तीनों प्रारूपों में खेल चुके कार्तिक ने कहा, मुझे सबसे बड़ी प्रशंसा उस व्यक्ति से मिली जिसकी मुझे सबसे कम उम्मीद थी। मैं धोनी की बात कर रहा हूं। उन्होंने मुझे कहा, 'मैंने वास्तव में कमेंट्री का आनंद लिया। बहुत बहुत अच्छा। आप शानदार कर रहे है'।

आरसीबी के लिए पिछले सत्र में 183 के शानदार स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाने वाले इस खिलाड़ी ने कहा, इस पर मुझे सुखद आश्चर्य हुआ। मैंने उन्हें शुक्रिया कहा। आप जानते है कि यह मेरे लिए बड़ी बात है। वह खेल पर करीब से नजर रखते है। इसलिए उनसे ऐसी बातें सुनना वास्तव में अच्छा था। और मुझे खुशी है कि उन्होंने मेरी कमेंट्री का आनंद लिया।

## डब्ल्यूटीटी कंटेंडर : मनिका और सुतिर्था राउंड 16 में



पणजी, भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और सुतिर्था मुखर्जी ने गुरूवार को यहां अपने से ऊंची रैंकिंग की प्रतिद्वंद्वियों को हराकर विश्व टेबल टेनिस कंटेंडर चैम्पियनशिप के अंतिम 16 चरण में प्रवेश किय।

दिन का सबसे बड़ा उलटफेर 20 साल के कोरियाई युवा चो डाएसियोंग के नाम रहा जिन्होंने पुरूष एकल में चीन के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी फान झेनडोंग को हराया।मनिका ने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी पुअती रिको की एड्रियाना डायज को 3–1 से शिकस्त दी। भारतीय स्टार ने 11–9, 11–8, 5–11, 11–8 से जीत हासिल की।

मौजूदा रैंकिंग में 146वें स्थान पर काबिज सुतिर्था ने सुबह के सत्र में दुनिया की 18वें नंबर की फ्रांस की जिया नान युआन को 3–0 (11–7,11–8,11–7) से हराया।मनिका का सामना अब चीन की दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी कियान तियानी से होगा जबकि सुतिर्था एक और अनुभवी फु यु से भिड़ेंगी जिनकी रैंकिंग 19 है।

मनिका युगल और मिश्रित युगल से बाहर हो गयी। मनिका और अर्चना कामत को युगल क्वार्टरफाइनल में चेंग ई चिंग और लि यु झुन से 1–3 से हार मिली।

वहीं महिला युगल में भारतीय उम्मीद अयहिका और सुतिर्था की जोड़ी के स्वीडन की लिंडा बर्गस्ट्रोम और क्रिस्टिना कालबर्ग से 1–3 से पराजित होने से खत्म हो गयी।

पुरूष युगल में कोरिया के लिम जोंगहून और जांग वूजिन ने भारत के हरमीत देसाई और मानव ठक्कर को 3–1 (12–10,11–8,7–11,11–6) से हराया।

मिश्रित युगल में मनिका और साथियान ज्ञानशेखरन की जोड़ी क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गयी।

# टीम ने परिस्थितियों से डटकर सामना नही किया: रोहित



इंदौर, । भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में नौ विकेट की शिकस्त को 'एक असामान्य मैच' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम ने जज्बा और संघर्ष करने की क्षमता का प्रदर्शन नहीं किया।

श्रृंखला में 0–2 से पिछड़ने और बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी को गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने यहां के होल्कर स्टेडियम में स्पिनरों की मददगार पिच पर यादगार जीत दर्ज करने के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, जब आप चुनौतीपूर्ण पिचों पर खेल रहे होते हैं तो एक ही जगह पर गेंदबाजी कर आप दबाव बना सकते है। हमने उनके गेंदबाजों को एक जगह गेंदबाजी करने दी। उनके गेंदबाजों को भी श्रेय मिलना चाहिये, खासकर नाथन लियोन को। हमें कोशिश करनी थी और जज्बा दिखाना था लेकिन मुझे लगता है कि हम ऐसा नहीं कर सके।

लियोन ने दूसरी पारी में 64 रन देकर आठ विकेट चटकाये और ऑस्ट्रेलिया के लिए जीत का मार्ग प्रशस्त किया।

रोहित ने कहा, आपको एक असामान्य नतीजे वाला मैच मिल सकता है जहां चीजें आपके मुताबिक नहीं होती है। लेकिन फिर भी आपको खिलाडि़यों को एकजुट कर हौसला बढ़ाने की जरूरत होती है।

उन्होंने कहा, हम चाहते थे कि कुछ खिलाड़ी क्रीज पर समय बिताये, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हम थोड़े पीछे रह गये और हमने खुद को उस तरह से लागू नहीं किया, जैसा हम चाहते थे।

रोहित ने अहमदाबाद में चौथे टेस्ट के बारे में सोचना शुरू नहीं किया है।

उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हमने अभी तक इसके बारे में (अहमदाबाद टेस्ट) नहीं सोचा है। हमने अभी इस टेस्ट को समाप्त किया है इसलिए हमें फिर से एकजुट होने और प्रयास करने की आवश्यकता है। हमें यह समझने की जरूरत है कि एक टीम के रूप में सुधार करना होगा।

ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ जीत के लिए गेंदबाजों को श्रेय देते हुए कहा, हमारे गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया, विशेषकर (मैथ्यू) कुहनेमैन ने। भारत ने हमारी पहली पारी के आखिर में अच्छी गेंदबाजी की जिससे हम जल्दी आउट हो गये। हमें कल कड़ी मेहनत करनी पड़ी, पूजी (पुजारा) ने अच्छी पारी खेली, लेकिन हमारे सभी गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। यह एक पूर्ण प्रदर्शन था।

स्मिथ नियमित कप्तान पैट कमिंस की जगह टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। कमिंस दूसरे टेस्ट के बाद अपनी बीमार मां की देखभाल के लिए स्वदेश लौट गये।

स्मिथ ने कहा, हम कमिंस के बारे में सोच रहे थे। हमारी दुआएं उसके साथ है। मैंने हालांकि इस सप्ताह का वास्तव में आनंद लिया। मुझे दुनिया के इस हिस्से में कप्तानी करना पसंद है।

# फिल्मी सफर

## सलमान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान का दूसरा गाना बिल्ली बिल्ली रिलीज



सलमान खान पिछले काफी समय से फिल्म किसी का भाई किसी की जान को लेकर सुर्खियों में हैं। बीते दिन सलमान ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी थी कि उनकी इस फिल्म का दूसरा गाना बिल्ली बिल्ली 2 मार्च को रिलीज होने वाला है। सलमान ने टीजर के जरिए इस गाने की झलक दिखाई थी, जिसके बाद प्रशंसक इसे लेकर लालायित हो उठे थे। अब आखिरकार फिल्म का यह बहुप्रतीक्षित गाना रिलीज हो गया है।

पार्टी नंबर बिल्ली–बिल्ली की रिलीज की जानकारी देते हुए सलमान ने इंस्टाग्राम पर लिखा, उम्मीद है कि यह गाना आपके चेकरे पर मुस्कान लाएगा। इसे देख और सुन आप झूमने पर मजबूर हो जाएंगे और यह आपको एक सकारात्मक ऊर्जा से भर देगा। सलमान और पूजा पूरे जोश में थिरकते दिख रहे हैं, वहीं उनके बीच रोमांस को भी भुनाया गया है। दोनों अपनी केमिस्ट्री से रंग जमाते दिख रहे हैं, वहीं सलमान–पूजा की जोड़ी दिल जीतती दिख रही है।

फिल्म के पहले गाना नइयो लगदा को सलमान ने बिग बॉस 16 के फिनाले में लॉन्च किया था। प्रशंसकों ने तो इस पर जमकर प्यार लुटाया, लेकिन कुछ लोगों ने इसमें सलमान के हुक स्टेप पर खूब चुटकी ली और उनके डांस को लेकर कई मीम्स भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए। इसे यूट्यूब पर अब तक करोड़ों लोग देख चुके हैं। हिमेश रेशमिया ने यह गाना कंपोज किया। कमाल खान और पलक मुच्छल ने इसे अपनी आवाज दी।

इस फिल्म में भूमिका चावला और भाग्यश्री भी नजर आएंगी। खास बात यह है कि इन दोनों ही अभिनेत्रियों के साथ सलमान पर्दे पर रोमांस करते दिख चुके हैं। शहनाज गिल, जस्सी गिल और बिग बॉस 16 में दिखे अब्दु रोजिक भी फिल्म में दिखने वाले हैं, वहीं साउथ के सुपरस्टार वैंकटेश भी फिल्म का हिस्सा हैं। फरहाद सामजी इस फिल्म के निर्देशक हैं। किसी का भाई किसी की जान ईद के मौके पर यानी 21 अप्रैल को रिलीज होगी।

सलमान की फिल्म टाइगर 3 का भी दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इसमें एक बार फिर उनकी जोड़ी कैटरीना कैफ के साथ बनी है। सलमान फिल्म में इमरान हाशमी के साथ दो–दो हाथ करते दिखेंगे। बजरंगी भाईजान का सीक्वल पवनपुत्र भाईजान सलमान की आने वाली चर्चित फिल्मों में शुमार है। सलमान दबंग 4 भी लेकर आ रहे हैं। उन्हें फिल्म नो एंट्री में एंट्री में देखा जाएगा। इसमें एक बार फिर अनिल कपूर और फरदीन खान भी नजर आएंगे।

## अक्षय कुमार–टाइगर श्रॉफ अभिनीत बड़े मियां छोटे मियां का पहला दृश्य आया सामने



अभिनेता–निर्माता जैकी भगनानी, जो अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में व्यस्त हैं, ने हाल ही में स्कॉटलैंड में फिल्म की शूटिंग से एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की।

तस्वीर में युद्ध मशीनों के साथ एक वाइड एंगल लेंस और स्क्रीन को फिट करने वाले विस्फोट के साथ कैप्चर किए गए परिध्श्य के विशाल विस्तार को देख सकते हैं। जैकी ने तस्वीर को कैप्शन दिया, गन्स टैंक एक्सप्लोजन कबूम, आप लोगों से सिनेमा में मिलते हैं। हैसटैग बीएमसीएम हैसटैग स्कॉटलैंड।

बड़े मियां छोटे मियां बॉलीवुड के दो सबसे बड़े एक्शन हीरो, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ को एक साथ लाएगा, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन शक्तिशाली विरोधी की भूमिका निभाएंगे।

आज फिल्म के सहयोग से वाशु भगनानी और पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत, बड़े मियां छोटे मियां को सुल्तान और टाइगर जिंदा है फेम अली अब्बास जफर ने लिखा और निर्देशित किया है।

फिल्म का निर्माण वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर ने किया है। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर भी हैं. बता दें, अमिताभ बच्चन और गोविंदा की कॉमेडी एक्शन फिल्म बड़े मियां छोटे मियां साल 1998 में रिलीज हुई थी। हालांकि, वाशु भगनानी की यह फिल्म रीमेक नहीं है। इसके अलावा, जैकी की गणपथ– पार्ट 1 भी रिलीज के लिए पाइपलाइन में है।

# फाइटर के सेट से सामने आया दीपिका का शानदार लुक



बॉलीवुड फिल्म स्टार दीपिका पादुकोण हाल ही में सुपरस्टार शाहरुख खान स्टारर फिल्म पठान में दिखाई दी थी। अदाकारा पर फिल्म में दमदार एक्शन सीन्स फिल्माए जा चुके है। मूवी तो ब्लॉकबस्टर हुई ही, साथ ही अदाकारा दीपिका पादुकोण के एक्शन सीच्ेंस की भी बहुत चर्चा का विषय थी।

पठान की बंपर सक्सेस के उपरांत अदाकारा दीपिका पादुकोण एक बार फिर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद के साथ उनकी आने वाली मूवी फाइटर में बिजी हो चुकी गई है। इस मूवी को निर्देशक सिद्धार्थ आनंद वॉर स्टार ऋतिक रोशन के साथ बना रहे है। वॉर और पठान की तरह ये भी एक जबरदस्त एक्शन थ्रिलर मूवी है। जिसे लेकर फैंस के मध्य अभी से ही खासा बज है। इन दिनों ये फिल्म शूटिंग स्टेज पर है। जहां अदाकारा दीपिका पादुकोण इस मूवी की शूटिंग का अगला शिड्यूल पूरा करने में लगी हुई है।

मूवी के सेट से अदाकारा दीपिका पादुकोण का एक लुक वायरल हो चुका है। जो इस वक्त सोशल मीडिया पर हंगामा मचा रहा है। वायरल हुए इस लुक में अदाकारा दीपिका पादुकोण जैकेट पहने हुए दिखाई दे रहे है। साथ ही वो एक फैन के साथ तस्वीर क्लिक करवाती हुई नजर आई। इस फोटो को देख लगता है कि मूवी फाइटर की शूटिंग के लिए अदाकारा दीपिका पादुकोण किसी ठंडे क्षेत्र में हैं। अदाकारा दीपिका पादुकोण का ये लुक इस वक्त इंटरनेट पर चर्चा में आ गया है।

## वेब सीरीज ब्राउन से एक्टिंग में वापसी करने जा रही करिश्मा कपूर



करिश्मा कपूर 90 के दशक की शानदार अभिनेत्रियों में से एक है. अब जल्द ही करिश्मा वेब सीरीज 'ब्राउन' के साथ अभिनय में वापसी करने जा रही है. इस सीरीज में करिश्मा रीता ब्राउन का रोल प्ले करती हुई दिखाई देने वाली है, जो एक पुलिस ऑफिसर हैं. करिश्मा ने अपने इस केरेक्टर के बारे में बहुत वार्ता भी की है. रीता ब्राउन का रोल ग्लैमर और चकाचौंध से इन दिनों दूर ही है. ये एक थ्रिलर सीरीज है जिसे लेकर करिश्मा काफी एक्साइटेड हैं. अभीक बरुआ की ब्राउन वेब सीरीज वर्ष 2016 में आई बुक 'सिटी ऑफ डेथ' पर बेस्ड बताई जा रही है. इस सीरीज को अभिनय देव ने डायरेक्ट किया है. सीरीज ब्राउन में करिश्मा कपूर, हेलेन, सोनी राजदान, सूर्या शर्मा और केके रैना जैसे एक्टर्स दिखाई देने वाले है.

करिश्मा कपूर ने अपनी अपकमिंग सीरीज के बारे में बात करते हुए बोला है कि, 'मेरा एक लंबा करियर रहा है. मैंने कई तरह के रोल अदा किए है, लेकिन जब मैंने रीता ब्राउन के कैरेक्टर को पढ़ा तो इसे महसूस किया, क्योंकि वो बहुत अलग थी. वो गलतियों से भरी है, लेकिन इंसान, सुपर स्मार्ट, सुपर इंटैलिजेंट और आप इस औरत की ग्रोथ को वाकई में देख पाएंगे. ग्लैमर और चकाचौंध से दूर रहना मेरे लिए काफी दिलचस्प रहा.'

इतना ही नहीं 'ब्राउन' सीरीज में करिश्मा एक दमदार कॉप की भूमिका निभाती हुई दिखाई देने वाली है. करिश्मा ने अपने रोल के लिए काफी मेहनत की है. अधिक थका हुआ दिखने के लिए उन्होंने कोई मेकअप कैरी नहीं किया है. रीता ब्राउन के रोल के लिए उन्होंने बंगाली भाषा सीखी और सिगरेट रोल करना भी सीखा है.

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com